Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0C
न्यूनतम तापमान: 21.0C
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
# संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 10 अंक: 330
जयपुर, गुरुवार, 02 मई 2024
पृष्ठ:8 मूल्य: ` 1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साइज 8X8 cm
संजीवनी टुडे

### लोकसभा चुनाव के दौरान डीपफ़ेक वीडियो के सर्कुलेशन का मामला

## दिल्ली हाईकोर्ट में आज सुनवाई, वकीलों ने याचिका दाखिल की

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के दौरान नेताओं के डीपफ़ेक वीडियो के सर्कुलेशन के खिलाफ एक याचिका पर आज यानी 2 मई को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। ये याचिका वकीलों के एक संगठन ने बुधवार 1 मई को दाखिल की थी। वकीलों की तरफ से सीनियर एडवोकेट जयंत मेहता ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की अपील की थी। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं इलेक्शन कमीशन को निर्देश दिए जाएं कि वह चुनाव के दौरान फ़ेक वीडियो के सर्कुलेशन पर रोक लगाए। यह याचिका ऐसे समय में लगाई गई है जब गृह मंत्री अमित शाह के एक फ़ेक वीडियो को लेकर दिल्ली पुलिस में एफआईआर दर्ज हुई है और तेलंगाना के मुख्यमंत्री समेत कई लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। पुलिस ने मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है। अमित शाह ने 30 अप्रैल को असम के गुवाहाटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर फ़ेक और ओरिजिनल वीडियो प्ले किए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में पीएम मोदी को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि मोदी जीत जाएगा तो आरक्षण चला जाएगा। वहीं, वीडियो में राहुल गांधी संविधान बचाने की बात कह रहे हैं। वीडियो शेयर कर यूजर्स दावा कर रहे हैं कि घ्ख्र मोदी ने खुद कहा है कि वह जीतने के बाद आरक्षण खत्म कर देंगे।




### याचिकाकर्ता ने कहा- सोशल मीडिया फ़ेक 48 घंटे में वीडियो पर एक्शन लेता है

एडवोकेट जयंत मेहता ने कहा कि हम इस मामले में जल्दी सुनवाई की अपील इसलिए कर रहे हैं क्योंकि आम चुनाव चल रहे हैं और बड़ी संख्या में डीपफ़ेक वीडियो सर्कुलेट हो रहे हैं। इस मामले में हमने इलेक्शन कमीशन को भी प्रतिनिधि बनाया है। एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत पीएस अरोड़ा की बेंच ने कहा कि अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के पास शिकायत का निवारण करने वाले अधिकारी हैं, क्या याचिकाकर्ताओं ने उनसे बात की है इस पर याचिकाकर्ता ने कहा कि वे जो कर सकते थे उन्होंने किया। ऐसे मामलों में रिस्पॉन्स 24 से 48 घंटों में मिलता है। जब तक एक्शन लिया जाता है और ऐसे वीडियो को प्लेटफॉर्म से हटाया जाता है, तब तक नुकसान हो जाता है। इसके बाद बेंच ने कहा कि हम मामले में गुरुवार (2 मई) को सुनेंगे।

### सोशल मीडिया पर फ़ेक वीडियो के दो मामले

गृहमंत्री का फ़ेक वीडियो कई अकाउंट्स ने शेयर किया: 27 अप्रैल को सोशल मीडिया पर अमित शाह का एक फ़ेक वीडियो वायरल हुआ। इसे तेलंगाना कांग्रेस और एख्र रेवंत रेड्डी ने शेयर किया था। इसमें वे एससी-एसटी और ग्उए के आरक्षण को खत्म करने की बात करते दिख रहे हैं। पीटीआई की फैक्ट चैक यूनिट ने कहा कि मूल वीडियो में अमित शाह ने तेलंगाना में मुसलमानों के लिए असंवैधानिक आरक्षण हटाने की बात कही थी। इस मामले को लेकर 28 अप्रैल को दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को समन जारी किया। बुधवार को टीएमसी ने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वे बंगाल के मुर्शिदाबाद की एक रैली में कहते नजर आए कि टीएमसी को वोट देने की बजाय भाजपा को वोट देना अच्छा होगा। वीडियो शेयर कर टीएमसी ने कहा कि अधीर रंजन भाजपा की ठ टीम हैं। इसके जवाब में कांग्रेस ने कहा कि अधीर रंजन के वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई है। पश्चिम बंगाल कांग्रेस कमेटी ने इस वीडियो को लेकर इलेक्शन कमीशन के पास शिकायत दर्ज कराई है और आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई करने की अपील की है। अमित शाह ने 30 अप्रैल को असम के गुवाहाटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर फ़ेक और ओरिजिनल वीडियो प्ले किए।

### हुबली मर्डर केस- नेहा की फैमिली से अमित शाह मिले

## कहा- हर हाल में न्याय मिलेगा, जरूरत पड़ी तो सीबीआई जांच होगी

■ संजीवनी टुडे

बेंगलुरु। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कांग्रेस पार्षद निरंजन हीरेमथ से मुलाकात की और उनकी बेटी नेहा को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। शाह ने कहा कि हर हाल में न्याय मिलेगा। अगर जरूरत पड़ी तो मामला एउक्रको सौंपा जाएगा। नेहा मर्डर केस के बारे में बताते हुए कांग्रेस पार्षद ने अमित शाह को एफआईआर की कॉपी दी। साथ ही कहा कि ऐसे मामलों में मौत की सजा होनी चाहिए और 90 से 120 दिनों में केस का निपटारा होना चाहिए। इससे पहले 23 अप्रैल को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भी नेहा के परिवार से मुलाकात की थी। उन्होंने भी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया था। फैयाज खोंडुनाईक ने 18 अप्रैल को हुबली स्थित बीवीबी कॉलेज कैंपस में नेहा हिरेमथ की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। नेहा कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी थी। वह एमसीए फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी। फैयाज उसका पूर्व क्लासमेट था। फिलहाल आरोपी सीआईडी की हिरासत में है।' जेपी नड्डा ने 23 अप्रैल को निरंजन हिरेमथ से मुलाकात कर उनकी बेटी




नेहा की हत्या पर दुख जताया था। मुलाकात के बाद नड्डा ने कहा था कि अगर राज्य सरकार इस केस को एउक्रको ट्रांसफर करती है तो, भाजपा इसमें साथ देगी। नड्डा ने कहा कि नेहा के पिता ने भी एउक्रजांच की मांग की है, क्योंकि उन्हें राज्य की पुलिस पर भरोसा नहीं है। वहीं, निरंजन हिरेमथ ने बताया था कि नेहा की हत्या को लेकर मैंने पुलिस को 8 लोगों के नाम दिए थे। उन्होंने एक को भी अब तक नहीं पकड़ा है। अगर वे आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकते, तो केस एउक्रको दे दें। कमिश्नर महिला होने के बाद भी एक लड़की की हत्या को गंभीरता से नहीं ले रही हैं। वे किसी दबाव में काम कर रही हैं। मेरा विश्वास अब टूट रहा है। हुबली पुलिस ने 20 अप्रैल को नेहा की हत्या को सही ठहराने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

### प्रियंका गांधी बोलीं- असम में माफियाओं का राज: कहा

## सारी संस्थाएं एक पार्टी के साथ, सरकार में बैठे मंत्रियों का सारा ध्यान अपने स्वार्थ पर

■ संजीवनी टुडे

धुबरी। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार (1 मई) को असम के धुबरी पहुंची। उन्होंने यहां चुनावी रैली की। इस दौरान प्रियंका ने कहा, ''असम में माफियाओं का राज चल रहा है। जब आपके एख्र कांग्रेस पार्टी में थे तो उनके खिलाफ गंभीर आरोप थे। भाजपा में जाते ही उन पर लगे सभी आरोप धुल गए।'' प्रियंका ने कहा कि आज देश में जैसी राजनीति चल रही है, उसे आपको (जनता) गहराई से समझना पड़ेगा। एक जमाने में मीडिया जनता का प्रतिनिधित्व करती थी, सत्ता से सवाल किया जा सकता था। लेकिन आज सारी संस्थाएं एक पार्टी के साथ खड़ी हैं। चाहे वह मीडिया हो या चुनाव आयोग। आज लोकतंत्र और संविधान को मजबूत करने वाले सारे रास्ते बंद किए जा रहे हैं। भाजपा ने एक वाशिंग मशीन विकसित की है, जहां भ्रष्ट लोगों को डालकर साफ कर दिया जाता है। ये चीज सबसे पहले उन्होंने आपके सीएम के साथ किया है। आज देश में 45 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। क्योंकि सरकार में बैठे मंत्रियों का सारा ध्यान अपने स्वार्थ पर है। आज भाजपा के नेता संविधान को बदलने की बात कर रहे हैं। संविधान ने आपको वोट की शक्ति दी, संविधान ने आपको समानता का अधिकार दिया, संविधान आपके



अधिकारों की रक्षा करता है ये संविधान बीजेपी का नहीं, जो ये बदल देंगे। ये संविधान इस देश का है, आपका है। इसे कोई नहीं बदल सकता। कांग्रेस ने गरीबों को जमीन के पट्टे दिए, बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, हरित क्रांति और श्वेत क्रांति लाई, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा का अधिकार दिया। नरेंद्र मोदी अपनी भाजपा सरकार में बनवाया हुआ ऐसा एक नाम नहीं ले सकते हैं। कर्नाटक में भाजपा का एक नेता हजारों महिलाओं का यौन शोषण कर विदेश भाग गया। नरेंद्र मोदी जी कुछ दिनों पहले इसी नेता के लिए भरे मंच से वोट मांग रहे थे। देश में जहां भी महिलाओं पर अपराध हुए, चाहे वह हाथरस हो, उन्नाव हो या मणिपुर.. उसमें भाजपा के नेता शामिल रहे हैं। मोदी सरकार सिर्फ अपराधियों की रक्षा करती आई है।

### मैं चाय के बागानों में महिलाओं से मिली

मैं चाय के बागानों में महिलाओं से मिली, वहां उन्होंने मुझे अपनी समस्याएं बताईं। उन्हें बेहद कम वेतन मिलता है, उनकी मांग थी कि उनका वेतन बढ़ाया जाए। यहां के एख्र चाय बागानों को हड़पवाते हैं, अलग-अलग बिजनेस करवाते हैं, लेकिन आपकी मजदूरी नहीं बढ़ाते। इसलिए कांग्रेस की गारंटी है- आपकी मजदूरी 400 रुपए तक की जाएगी। महिला घर की जिम्मेदारी भी उठाती है और समाज की परवरिश भी करती है। लेकिन मोदी सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कुछ नहीं किया।

### सलमान के घर फायरिंग के आरोपी की आत्महत्या पर सवाल

## अनुज के भाई ने कहा- ये सुसाइड नहीं, बल्कि पुलिस ने हत्या की है

■ संजीवनी टुडे

मुंबई। सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग के आरोपी अनुज थापन की पुलिस कस्टडी में कथित आत्महत्या के मामले पर परिजनों ने सवाल उठाए हैं। थापन के भाई अभिषेक ने दावा किया कि पुलिस ने उसकी हत्या कर दी है। वह ऐसा नहीं था, जो आत्महत्या करे। हम न्याय चाहते हैं। परिवार ने यह भी मांग की कि अनुज का पोस्टमार्टम मुंबई से बाहर कराया जाए। मामले में मृतक के पैतृक गांव के सरपंच मनोज गोदारा ने न्यूज एजेंसी इगक्रसे बात की। उन्होंने कहा कि एक तरफ सुपरस्टार सलमान खान हैं और दूसरी तरफ मजदूर हैं। दबाव में आकर पुलिस ने उसे मार डाला और आत्महत्या का रूप दे दिया। आरोपी अनुज थापन ने पुलिस कस्टडी में बुधवार को आत्महत्या कर ली। थापन ने मुंबई पुलिस हेडक्वार्टर के टॉयलेट में चादर से फांसी लगाई। मामले की जांच स्टेट सीआईडी को सौंपी गई है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने फायरिंग केस में 25 अप्रैल को अनुज और उसके साथी को पंजाब से हिरासत में लिया था। दोनों पंजाब के अबोहर के रहने वाले हैं।



### आरोपी 6 दिन से मुंबई क्राइम ब्रांच की कस्टडी में था

पुलिस को बुधवार को 11 बजे सुबह फांसी की जानकारी मिली। हालांकि, आरोपी अनुज के सुसाइड के समय की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। उसको बेहद गंभीर हालत में सुबह पहले नजदीकी जी.टी. हॉस्पिटल ले जाया गया था। उस अस्पताल के डॉक्टर्स ने को अनुज को सीएसएमटी स्थित सेंट जॉर्ज हॉस्पिटल रेफर कर किया था, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी अनुज थापन के सुसाइड की जांच राज्य की एत्र्क्र को सौंपी गई। मुंबई क्राइम ब्रांच ने फायरिंग केस में 25 अप्रैल को अनुज (32) और सुभाष चंदर (37) को पंजाब से हिरासत में लिया था। दोनों ने इस घटना के लिए हथियार मुहैया कराए थे। दोनों आरोपी पंजाब के अबोहर के रहने वाले हैं। आत्महत्या करने वाला अनुज ट्रक हेल्पर था। वहीं दूसरा आरोपी सुभाष किसान है। दोनों आरोपियों पर पंजाब और हरियाणा में कई केस दर्ज हैं। दोनों कई सालों से लॉरेंस बिश्नोई के साथ मिलकर काम कर रहे थे। अनुज और सुभाष ने 15 मार्च को पनवेल में सागर पाल और विक्की गुप्ता नाम के लड़कों को दो पिस्टल डिलीवर की थीं। इन्हीं पिस्टल से विक्की और सागर ने सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट पर फायरिंग की थी। विक्की और सागर को गुजरात के भुज से गिरफ्तार किया गया था, जबकि अनुज और सुभाष की गिरफ्तारी पंजाब में हुई थी।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- बिना रस्मों के हिंदू विवाह मान्य नहीं

■ संजीवनी टुडे

### ये नाचने-गाने और खाने-पीने का इवेंट नहीं, न व्यापारिक लेन-देन है

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हिंदू विवाह कोई नाचने-गाने या खाने-पीने का मौका भर नहीं है। न ये कोई व्यापारिक लेन-देन है। जब तक इसमें रस्में नहीं निभाई जातीं, तब तक इसे हिंदू मैरिज एक्ट के तहत वैध नहीं माना जा सकता है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि हिंदू विवाह एक संस्कार और एक धार्मिक उत्सव है, जिसे भारतीय समाज के अहम संस्थान का दर्ज़ा दिया जाना जरूरी है। कोर्ट ने यह बात दो कॉमर्शियल पायलट्स के तलाक के मामले की सुनवाई के दौरान कही, जिन्होंने वैध हिंदू विवाह सेरेमनी नहीं की थी। इन कमेंट्स के साथ बेंच ने संविधान के आर्टिकल 142 का हवाला देते हुए कहा कि दोनों पायलट्स कानून के मुताबिक शादीशुदा नहीं हैं। इसके साथ ही कोर्ट ने उनके मैरिज सर्टिफिकेट को रद्द करार दे दिया। कोर्ट ने उनके तलाक की प्रक्रिया और पति व उसके परिवार पर लगाया गया दहेज का केस खारिज कर दिया। बेंच ने कहा कि शादी कोई नाचने-गाने और खाने-पीने का इवेंट नहीं है। न ये कोई ऐसा मौका है जहां आप एक-दूसरे पर दबाव डालकर दहेज और तोहफों का लेनदेन करें, जिससे बाद में केस होने की संभावना रहे। विवाह कोई व्यापारिक लेन-देन नहीं है। हम युवा पुरुष और महिलाओं से कहना चाहते हैं कि शादी के बंधन में बंधने के पहले विवाह संस्थान के बारे में अच्छे से सोच लें और ये समझने की कोशिश करें कि ये संस्थान भारतीय समाज के लिए कितना पवित्र है। ये ऐसा गंभीर बुनियादी इवेंट है, जो एक पुरुष और महिला के बीच रिलेशनशिप को सेलिब्रेट करता है, जिन्हें पति-पत्नी का दर्ज़ा मिलता है, जो परिवार बनाता है। यही परिवार भारतीय समाज की मूलभूत इकाई है। कोर्ट ने कहा कि विवाह एक पावन चीज है क्योंकि यह जीवन भर के लिए दो लोगों को आत्म सम्मान के साथ बराबरी का अधिकार देते हुए साथ लाता है। हिंदू विवाह संतान पैदा करने की अनुमति देता है, परिवार को जोड़ता है और अलग-अलग समुदायों के बीच भाईचारे की भावना को मजबूत करता है।

### कर्नाटक सेक्स स्कैंडल- सिद्धारमैया ने पीएम मोदी को लेटर लिखा

## कहा- प्रज्वल को भारत लाने में मदद करें, उनका डिप्लोमेटिक पासपोर्ट कैंसल करें

■ संजीवनी टुडे

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कर्नाटक सेक्स स्कैंडल मामले में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेटर लिखा। उन्होंने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना पर जो गंभीर आरोप लगे हैं, उनके बारे में आपको पता ही होगा। उन पर जो भी आरोप लगे हैं, वे शर्मनाक और देश को दहला देने वाले हैं। केंद्र सरकार फरार सांसद को वापस लाने के लिए जल्द से जल्द कदम उठाए। सीएम ने आगे लिखा कि सांसद और गक्द्द उम्मीदवार प्रज्वल 27 अप्रैल को देश छोड़कर विदेश भागे। ऐसा पता चला है कि वे डिप्लोमैटिक पासपोर्ट के जरिए यात्रा कर रहे हैं। केंद्रीय विदेश मंत्रालय और केंद्रीय गृह मंत्रालय को प्रज्वल रेवन्ना का डिप्लोमैटिक पासपोर्ट रद्द करने के निर्देश दें। सिद्धारमैया ने लेटर में यह भी कहा कि फिलहाल मामले की जांच एसआईटी मामले की जांच कर रही है। उन्हें देश में वापस लाना बहुत जरूरी है, ताकि वे कानून के हिसाब से जांच का सामना करें। पूर्व पीएम देवेगौड़ा के विधायक बेटे एचडी रेवन्ना और सांसद पोते प्रज्वल रेवन्ना को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने मंगलवार को नोटिस जारी किया।

### एसआईटी जांच तक प्रज्वल पार्टी से सस्पेंड

पूर्व मुख्यमंत्री और प्रज्वल के चाचा एचडी कुमारस्वामी ने मंगलवार को जनता दल (सेक्युलर) कोर कमेटी की बेंगलुरु में मीटिंग की। इसमें प्रज्वल रेवन्ना को पार्टी से सस्पेंड कर दिया गया है। प्रज्वल हासन से पार्टी के मौजूदा सांसद और लोकसभा के कैंडिडेट भी हैं। हासन में 26 अप्रैल को सेकेंड फ़ेज में वोटिंग हुई थी। इसके बाद प्रज्वल जर्मनी चले गए। कुमारस्वामी ने कहा प्रज्वल का सस्पेंशन ट्टक्ष्ञ्ज जांच पूरी होने तक है। मैंने गलत करने वाले का कभी बचाव नहीं किया, लेकिन इस



विवाद में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का नाम लेना गलत है। कांग्रेस हमारे परिवार में फूट डालने की कोशिश कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों को जांच के लिए एसआईटी के सामने पेश होने को कहा गया है। हालांकि, पेश होने की तारीख अभी तक सामने नहीं आई है। नोटिस जारी होने के बाद प्रज्वल रेवन्ना ने सोशल मीडिया पर लिखा- मैं पूछताछ में शामिल होने के लिए बेंगलुरु में नहीं हूं, इसलिए मैंने अपने वकील के माध्यम से सीआईडी बेंगलुरु को सूचित कर दिया है। सच्चाई जल्द ही सामने आएगी। दोनों नेताओं के खिलाफ उनकी मेड ने यौन शोषण की एफआईआर दर्ज कराई है। केस हासन के होलेनरासीपुर थाने में दर्ज कराया गया। प्रज्वल के करीब 200 से ज्यादा वीडियो वायरल हैं। दावा है कि वायरल वीडियो में दिख रहीं महिलाएं खुद को छोड़ने की गुहार लगाती हुई रो रही हैं और प्रज्वल वीडियो शूट कर रहे हैं।

## मोदी की मिमिक्री करने वाले रंगीला उनके सामने लड़ेंगे चुनाव

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मिमिक्री करने वाले श्याम रंगीला अब पीएम के सामने चुनाव लड़ने जा रहे हैं। श्याम रंगीला वाराणसी लोकसभा सीट से पीएम मोदी के सामने निर्दलीय नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर भी पोस्ट शेयर की। इस पर जब उनके इस फैसले को लेकर बातचीत की गई। रंगीला ने कहा- मैं 2014 तक नरेंद्र मोदी का भक्त था। लेकिन पिछले 10 साल में उन्होंने जिस तरह से कामकाज किया है। इससे मैं पूरी तरह हताश और निराश हूं। यही कारण है कि मैंने उनके सामने चुनाव लड़ने का फैसला किया है। श्याम रंगीला ने कहा- 2014 में मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत बड़ा भक्त था। तब मैंने



प्रधानमंत्री के पक्ष में काफी वीडियो शेयर किए। राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल के खिलाफ वीडियो शेयर किए थे। जिन्हें देख कोई यह कह सकता है कि मैं अगले 70 साल भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में ही वोट करूंगा। पिछले 10 साल में ही हालात बदल गए और मुझे नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरना पड़ रहा है। श्याम ने कहा कि लगभग 2 साल पहले मेरी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात हुई थी। इसके बाद मैंने राजस्थान में आम आदमी पार्टी में शामिल होने का फैसला किया लेकिन राजस्थान में आम आदमी पार्टी की स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं थी। अब मैंने किसी भी राजनीतिक दल के बिना चुनाव लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ कॉमेडी करता हूं, लेकिन वाराणसी में मैं राजनीति करने के लिए जा रहा हूं। जबकि प्रधानमंत्री पिछले 10 साल में राजनीति के जरिए सिर्फ कॉमेडी करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने लोकतंत्र को तहस-नहस करने का काम किया है। श्याम रंगीला ने कहा- इस बार के लोकसभा चुनाव में न जाने कौन कब अपना नामांकन पत्र वापस ले ले। इसलिए मैंने निर्दलीय ही चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

### हरियाणा में कांग्रेस की राव इंद्रजीत को रोकने की स्ट्रेटजी

## राज बब्बर को लाकर पंजाबी-मेव और जाट वोटर्स साधेंगे, अहीरवाल से निपटना बड़ा चैलेंज

■ संजीवनी टुडे

गुरुग्राम। अहीरवाल के राजा के रूप में फ़ेमस 4 बार के सांसद राव इंद्रजीत सिंह के खिलाफ एंटी इनकंबैंसी के माहौल का फायदा उठाने के लिए कांग्रेस ने एक रणनीति के तहत बॉलीवुड एक्टर एवं उत्तर प्रदेश (ठष्) की राजनीति में सक्रिय रहे राज बब्बर को चुनावी रण में उतारा है। इस बार कांग्रेस मेव, जाट और पंजाबी वोट बैंक के जरिए राव इंद्रजीत सिंह की तगड़ी घेराबंदी करने में जुट गई है। वहीं, पूर्व एख्र भूपेंद्र हुड्डा और पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया अब राव इंद्रजीत को घेरने के लिए जातीय समीकरण साधने में भी जुट गए हैं। गुरुग्राम लोकसभा सीट पर एक दर्जन से ज्यादा बार यादव कम्युनिटी के सांसद रहे हैं। केवल 1967 और 1971 में इस सीट से मुस्लिम कैंडिडेट ख्रध बन चुके हैं। इसके बाद लगातार यादव ही जीते हैं। इनमें से 4 बार अकेले राव इंद्रजीत सांसद बने हैं। इसी के चलते क्षेत्र में एंटी इनकंबैंसी का माहौल है और कांग्रेस इसमें राव को फंसाना चाहती है। कांग्रेस की रणनीति है कि मेव, जाट, पंजाबी और अपने मूल वोटर्स की मदद से इस बार राव इंद्रजीत की घेराबंदी करे और अपना खाता खोले।

### मुस्लिम और जाट के साथ पंजाबी वर्ग को साधने की तैयारी



राव इंद्रजीत किसी भी पार्टी से रहे, लेकिन 4 बार में हर बार जीत उनकी ही हुई। क्योंकि यादवों के अलावा पंजाबी कम्युनिटी मनोहर लाल खट्टर के सीएम होने की वजह से राव के पक्ष में थी। हालांकि, अब भाजपा ने खट्टर को साइडलाइन कर दिया है, इसलिए पंजाबी वर्ग उससे नाराज है। मुस्लिम और जाट वोटर्स भाजपा से पहले ही नाराज हैं। अब गुरुग्राम सीट पर अपनी उपेक्षा होती देख पंजाबी वर्ग भी नाराज हुआ है। कांग्रेस इसी का फायदा उठाने की जुगत में है। गुरुग्राम सीट पर 2009 व 2014 के चुनाव में मुस्लिम उम्मीदवार जाकिर हुसैन पौने 4 लाख वोट हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे थे। ऐसे में कांग्रेस इस चुनाव को यादव वर्सेज गैर यादव बनाना चाहती है। दिल्ली गएट में पड़ने वाली गुरुग्राम सीट पर यादव और मेव वोटरों का ध्रुवीकरण इस बार चुनाव का परिणाम तय करेगा। इसी के चलते कांग्रेस ने राज बब्बर के रूप में पंजाबी चेहरे पर दांव लगाया है।

## खबरें फटाफट

### गुजरात लोकसभा चुनाव में भाजपा के समर्थन में चुनाव प्रचार करने जायेंगे आनन्द सिंह तंवर


■ संजीवनी टुडे

रामदेवरा (जैसलमेर)। गुजरात में हो रहे लोकसभा चुनाव में बाबा रामदेव जी के वंशज आनन्द सिंह तंवर भारतीय जनता पार्टी के कच्छ लोकसभा प्रत्याशी विनोद एल चावड़ा के समर्थन



में चुनाव प्रचार कर, मतदान करने की अपील करेंगे। तंवर द्वारा पांच दिन तक गुजरात के कच्छ लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया जायेगा। जिसका शुभारंभ बुधवार, 1 मई से शुरू किया जाएगा। जिसके अंतर्गत कच्छ लोकसभा में रापर, खड़ीर, बन्नी पच्छम, अबड़ासा,भुज सहित कई विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न गावों में जनसंपर्क कर भाजपा की और से लोकसभा प्रत्याशी विनोद चावड़ा को मत और समर्थन देने की अपील की करेंगे । गौरतलब है कि गुजरात में लोकसभा चुनाव तीसरे चरण में हो रहे हैं और मतदान 7 मई को किया जायेगा और कच्छ लोकसभा क्षेत्र में विनोद भाई एल. चावड़ा को भारतीय जनता पार्टी ने तीसरी बार लोकसभा प्रत्याशी बनाया है, इससे पूर्व दो बार चावड़ा ने भारी मतों से जीत हासिल की थी।

### जिसका ग़ुरूर अभी तक नहीं गया, समझलो गुरु उसको अभी नहीं मिला - आचार्य शशांक सागर



■ संजीवनी टुडे

जयपुर। जनकपुरी ज्योतिनगर दिगम्बर जैन मंदिर में ससंघ प्रवासरत आचार्य श्री 108 शशांक सागरजी मुनिराज ने बुधवार को धर्म सभा में कहा कि जिस व्यक्ति का ग़ुरूर अभी तक नहीं गया है समझ लो कि उस व्यक्ति को सच्चा गुरु नहीं मिला है। गुरु के पास जब भी जाओ तो अहंकार को छोड़कर विनम्र बन कर जाओ। आचार्य श्री ने आगे कहा कि गुरु तो आज भी वही है लेकिन भक्त जन में संयम व तप की कमी आ गई है। संत ज्ञान का प्रकाश चाहता है। उन्होंने बताया कि मेरी भावना के बाद बारह भावना व वैराग्य भावना तक आप लोग पहुँचे तथा यह समझ ले की प्रेम की शुरुआत अपने से होती है तब अपने आप फिर सब तक पहुँचती है। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि नित्य प्रातः 6.50 पर शांति धारा, 8.30 पर प्रवचन तथा दिन में स्वाध्याय व शंका समाधान का कार्यक्रम होता है और प्रत्येक रविवार धार्मिक पाठशाला का आयोजन होता है।

### पूर्व सांसद स्व. श्री महेन्द्रसिंह भाटी की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर एवं श्रृद्धाजलि सभा का आयोजन 19 मई को

■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। स्व. श्रीमती कमलेश कंवर कुँ रविन्द्रसिंह भाटी मेमोरियल ट्रस्ट, बीकानेर के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 19 मई, 2024 वार रविवार को माखण भोग, पूगल रोड़, बीकानेर में विशाल रक्तदान शिविर एवं श्रृद्धाजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है । ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अंशुमान सिंह भाटी ने बताया कि स्व. श्रीमती कमलेश कंवर व कुँ रविन्द्रसिंह भाटी की 25 वीं पुण्यतिथि एवं बीकानेर के लोकप्रिय लोकसभा सदस्य स्व. श्री महेन्द्रसिंह भाटी व स्व. श्री नरेन्द्र पाण्डे की 21 वीं पुण्यतिथि पर दिनांक 19.05.2024 को श्रद्धांजलि सभा सायं 4.00 बजे व विशाल रक्तदान शिविर प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक रखा गया है । ट्रस्ट उपाध्यक्ष अंशुमान सिंह भाटी ने बताया है कि स्व. श्रीमती कमलेश कंवर कुँ रविन्द्रसिंह भाटी मेमोरियल ट्रस्ट, बीकानेर द्वारा प्रथम बार वर्ष 1999 में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया तब रक्तदान के लिए आम लोगों में डर व अनेक संकायें व्याप्त थी लेकिन ट्रस्ट द्वारा लगातार अलग-अलग जगहों पर ऐसे आयोजन करने के कारण आज आम लोग रक्तदान के लिए तैयार रहते हैं ।

### राजस्थान में एसएमएस में ईएनटी के विभागाध्यक्ष बने डॉ पवन सिंघल

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। सवाईमानसिंह चिकित्सालय के नाक कान गला विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ पवन सिंघल को विभागाध्यक्ष बनाया गया है। डॉ पवन



सिंघल ने 2007 में सहायक आचार्य के रुप में ज्वाइन किया था। डा.सिंघल ईएनटी में रोगियों का उपचार के साथ मरीजों को तंबाकू व अन्य नशों से दूर रहने के लिए भी प्रेरित करते है। वहीं इनके द्वारा अब तक 60 शोधपत्र लिखे जा चुके है, जो कि राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पढ़े जा चुके है। इनको गोल्ड मेडल, राज्य स्तरीय नागरिक सम्मान के साथ चिकित्सा के क्षेत्र में कई फैलोशिप भी मिल चुकी है। डा. सिंघल को विभागाध्यक्ष बनाये जाने पर पूर्व विभागाध्यक्ष डा रेखा हर्षवर्धन गुलदस्ता देकर सम्मान किया। वहीं एसएमएस स्टाफ ने भी माला पहनाकर स्वागत किया।

## आराध्य देव भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव 10 मई को लेकर विप्र समाजजन की हुई बैठक

■ संजीवनी टुडे

वल्लभनगर। ब्राह्मण समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव अक्षय तृतीया 10 मई को लेकर उपखंड क्षेत्र वल्लभनगर के विप्र समाजजन की बैठक का आयोजन श्री शीतला माता मंदिर, वल्लभनगर में हुआ, जिसमें विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में श्री परशुरामजी जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई तथा 10 मई को उदयपुर में निकलनी वाली शोभायात्रा को ऐतिहासिक बनाने पर चर्चा की गई। बैठक में विप्र समाज को 10 मई के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अलग-अलग जिम्मेदारिया दी गई। विप्र फाउंडेशन वल्लभनगर तहसील अध्यक्ष हुक्मीचंद सांगावत, देहात जिला महासचिव प्रेमशंकर रामावत ने बताया कि भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव को लेकर उदयपुर शहर में विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान में पांच दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें वल्लभनगर, भींडर, कानोड़, मावली तहसीलों के सभी विप्र समाजजन को ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होना है। साथ ही सभी ब्राह्मणों के सहयोग से भगवान श्री परशुरामजी जन्मोत्सव एक उत्सव की तरह आयोजित किया जाए। इस विचारधारा को समर्थन देते हुए उपस्थित सभी ब्राह्मणों ने समय की कमी को देखते हुए उपस्थित सभी ब्राह्मणों ने एकजुटता दिखाई। देहात जिलासचिव प्रेमशंकर रामावत ने बताया कि पांच दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत 6 मई से हो रही है। 6 मई को परशुराम चौराहा, उदयपुर पर सांय 6.30 बजे दिप प्रज्ज्वलन, महाआरती एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 7 मई सांय 6.30 बजे गंगु कुंड पर गंगा आरती, 8 मई सुबह 8.30 बजे से एमबी कॉलेज इंडोर स्टेडियम में रक्तदान कार्यक्रम, 9 मई को शाम 4 बजे भगवान परशुरामजी प्रतिमा स्थल, वल्लभाचार्य पार्क सेक्टर-11 में हवन, पूजन, अर्चन एवं आरती होगी। 10 मई परशुरामजी जन्मोत्सव पर शाम 4 बजे फतेह स्कूल से विप्र शंखनाद के साथ विशाल शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए निकाली जाएगी, भगवान परशुराम की भव्य झांकी के साथ निकाली जाने वाली शोभायात्रा में हाथी, ऊंट, घोड़े, बैंड का लवाजमा रहेगा। ब्राह्मण समाज के युवा वाहन रैली के रूप में साथ चलेंगे। वहीं मातृ शक्ति एक ही वेशभूषा में मंगल गीत गाती हुई चलेंगी। जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्प वर्षा और आरती उतार कर स्वागत किया जाएगा।

### प्रशांत मेहरडा राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं मानव अधिकार संस्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त

■ संजीवनी टुडे

जयपुर।राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एवम मानवाधिकार संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष, एम एल डीडवाना ने प्रशांत मेहरडा को राष्ट्रीय



भ्रष्टाचार निरोधक एवं मानव अधिकार संस्था का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है प्रशांत मेहरडा के जुड़ने से संस्थानको मजबूती मिलेगी तथा वह अपने पद की गरिमा रखते हुए ईमानदारी एवं लगन से कार्य करेंगे प्रशांत मेहरडा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर जयपुर गुलाबी टाइम्स के के संपादक अर्जुन लाल बेरवा ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की आपको बता दे की प्रशांत मेहरडा समाजके संगठनों से जुड़े हुए हैं समाज में भी अपनी अलग से पहचान रखते हैं समाज के लोगों ने भी उन्हें बधाई दी है

## डिप्टी सीएम बैरवा ने किया 'आज का हिंदी साहित्य और साहित्यकार' पुस्तक का विमोचन

■ संजीवनी टुडे



जयपुर। राजस्थान के उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने ''आज का हिंदी साहित्य एवं साहित्यकार'' पुस्तक का विमोचन बुधवार को जयपुर में किया। हिंदी साहित्य के समकालीन रचना परिदृश्य को सहेजती इस पुस्तक को डॉ. धर्मेन्द्र वर्मा एवं नयना जैन द्वारा लिखा गया है। यह पुस्तक हिमशेखर प्रकाशन, शिवगंज, सिरोही, राजस्थान से प्रकाशित हुई है। प्रस्तुत पुस्तक में हिंदी साहित्य के समकालीन इतिहास को नए सिरे से रखने का प्रयास किया गया है। सन 2001 से लेकर वर्तमान तक के विशिष्ट साहित्यकार और वे लेखक लेखिकाएं जो इन दिनों चर्चा में है तथा कई युवा साहित्यकार, जिन्होंने हिंदी साहित्य में अपना स्थान बनाया है उन सभी का नाम दर्ज करते हुए उनके साहित्य की विशेषताएं इस पुस्तक में बताई गई है। यह पुस्तक समकालीन रचनाकारों के परिचय एवं उनकी रचनाओं के संकलन के दृष्टिकोण से अत्यंत उल्लेखनीय व महत्वपूर्ण है। उपमुख्यमंत्री बैरवा ने लेखकों को बधाई एवं पुस्तक हेतु शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए यह आशा व्यक्त की कि यह पुस्तक हिंदी साहित्य के विद्यार्थियों, विषय के अनुसंधानकर्ताओं एवं जिज्ञासु पाठकों के लिए उपयोगी साबित होगी। पुस्तक विमोचन के अवसर पर सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल, भाजपा महामंत्री डॉ राकेश कुमार रैसवाल, विधानसभा चिकित्साधिकारी डॉ. बलवंत लालावत, विक्रम सिंह गणमान्य उपस्थित रहे।

## विश्व मजदूर दिवस पर विशाल रैली व गोष्ठी कार्यक्रम धुमधाम से मनाई

■ संजीवनी टुडे





पिण्डवाडा/सिरोही। पत्थर घड़ाई मजदूर सुरक्षा संघ पिण्डवाडा के बैनर तले 1मई 2024को विश्व मजदूर दिवस अध्यक्ष सोहनभाई गरासिया की अध्यक्षता में पुलिस थाने के पीछे पेंशनर भवन पिण्डवाड़ा से विशाल रैली सुखाड़िया सर्किल, कोर्ट होते हुए मजदुरो के नारो व गीतो के उपखंड कार्यालय पँहुची व उपखंड अधिकारी रवि प्रकाश को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा और रैली वापस पेंशनर भवन पँहुच कर आम सभा में परिवर्तन हुई कार्यक्रम की शुरुआत हल चला के खेतो गीत से की गई फिर सभी मजदुरो ने संविधान की शपथ ली गई और महामंत्री मदनलाल मेघवाल ने संगठन का परिचय व संगठन की उपलब्धी बताई गई, डारेक्टर कृष्णावतार शर्मा ने विश्व मजदूर दिवस की जानकारी दी गई और मजदुरो के हक व अधिकारों की जानकारी दी , गिरिश भोजवानी शाखा प्रबंधक कर्मचारी राज्य बिमा निगम आबुरोड ने कर्मचारी राज्य बिमा निगम की पेंशन, पेंशन सत्यापन, आश्रितजन पेंशन की जानकारी दी गई, डां. सी राम ने सिलिकोसिस स्वास्थ्य जांच व सिलिकोसिस पोर्टल की जानकारी दी गई , मनिषकुमार श्रम अधिकारी सिरोही ने श्रम विभाग की कल्याण कारी योजना की जानकारी दी गई म पत्थर घड़ाई मजदूर सुरक्षा संघ पिण्डवाडा के अध्यक्ष सोहनभाई गरासिया ने सिलिकोसिस पांलिसी , संगठन की आगामी रणनीती बात रखी ,मोहम्मद इकबाल व नारायणलाल परमार ने मंच संचालन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित संरक्षक अजाराम ,उप सरक्षक सकाराम , छगनलाल, कैलाश कुमार, रमेशकुमार, शंकरलाल राठौड़, हैप्पी देवी ,कंकूदेवी ,जमनादेवी, भावेश कुमार, जिवितेश शाहू, नथाराम ,किशनलाल ,भवरजी ,हुसाराम , सोनाराम व आदि संगठन सदस्य उपस्थित रहें।

### तीर्थंकर भगवान महावीर ऑनलाइन प्रतियोगिता में जितेंद्र कुमार जैन रहे प्रथम

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम द्वारा तीर्थंकर महावीर के 2623वें जन्म कल्याणक दिवस के अवसर पर उनको स्मरण करने की दृष्टि से एवं उनके सिद्धांतो पर चलने की भावना से राष्ट्रीय ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से 253 प्रतिभागियों ने भाग लिया। अखिल भारतीय



जैन बैंकर्स फोरम के अध्यक्ष भागचंद जैन मित्रपुरा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जितेंद्र कुमार जैन गायत्री नगर जयपुर, द्वितीय स्थान मंजुलता छाबड़ा लाल कोठी जयपुर, तृतीय स्थान तारा चंद जैन मान सरोवर एवं प्रेम लता जैन तिलक नगर जयपुर ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। तारामणि गोधा जयपुर, कमल कुमार जैन बेगलुरु, महेंद्र छाबड़ा जयपुर, शीला जैन दुर्गापुरा, सुरबाला जैन दुर्गापुरा, सचिन जैन करतारपुरा सांत्वना पुरस्कार के विजेता रहे। श्रेयांसि जैन ने मुंबई से प्रतियोगिता का संचालन किया। प्रतियोगिता में भगवान महावीर पर 45 एवं आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज पर 5 प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता को सभी ने ज्ञानवर्धक बताते हुए सराहना की।

## पुरन बुनकर को आई ए एस में चयन होने पर सम्मान समारोह आयोजित



■ संजीवनी टुडे

बालोतरा। बाबासाहेब डॉ बी आर अंबेडकर की प्रेरणा से पुरन बुनकर को आई ए एस में चयन होने पर सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार को श्री बाबा रामदेव मंदिर छोटा रणुचा धाम नया रामदेवरा कल्याण रोड समदड़ी बालोतरा में आयोजित किया गया इस अवसर पर प्रशांत मेहरडा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं मानव अधिकार संस्था, प्रदेश अध्यक्ष यूथ विंग डॉ अंबेडकर वेलफ़ेयर संस्थान , एवं गांव एवं समाज के लोगों ने पुरन बुनकर का माला, पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर एवं गुलदस्ता भेंट करके स्वागत किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। आपको बता दे की पूरन बुनकर के पिता गोपी राम मेघवाल सिवानासे पूर्व विधायक हैं तथा बाड़मेर जिला कमेटी के अध्यक्ष है कार्यक्रम में उपस्थित होकर ईस्ट मित्रों शुभचिंतकों, एवं जिले एवं समाज के लोगों ने बधाई दी पूरन बुनकर ने बताया कि डॉ बी आर अंबेडकर की प्रेरणा एक बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद से मैंने यह मुकाम हासिल किया है कार्यक्रम में अंत में सभी लोगों ने लजीज भोजन का आनंद लिया।

## रोटरी क्लब मकराना द्वारा मजदूर सम्मान समारोह आयोजित हुआ



■ संजीवनी टुडे

मकराना। शहर में मजदूर दिवस के उपलक्ष में रोटरी क्लब मकराना द्वारा मजदूर सम्मान समारोह रखा गया जिसमें राम राणा मार्बल के 35 मजदूरों का माला एवं लिफाफा देकर सम्मान किया गया। मंच संचालक करते हुए अजीज गहलोत ने मजदूर एवं सेठ के रिश्तों पर रोशनी डालते हुए इसे संयुक्त परिवार (ज्वाइंट फैमिली )के मेंबर की तरह बताया । अध्यक्ष नारायण सिंह जी मिन्ड्डकिया ने अपने उध्बोधन में उपस्थित सभी मजदूरों को आज के दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए मजदूरों के द्वारा किए जा रहे हार्ड वर्क एवं मेहनत को सलाम किया। मजदूरों की प्रति अपनी। मजदूर और मालिक का भाईचारा हमेशा इसी तरह से बना रहे। एवं हिंदुस्तान भर के सभी मजदूरों को हाथ जोड़कर उनके द्वारा दी जारी सेवाओं की प्रशंसा की एवं अपने हाथों से सभी उपस्थित मजदूरों को माला पहनाई एवं लिफाफा दिया। उपस्थित रहे अध्यक्ष नारायण सिंह जी मिन्ड्डकिया कैलाश टांक सचिव ए जी बेलिम मुंगेर आलम एडवोकेट सिकंदर अली रामप्रसाद सैनी कमल कांकाणी महमूद हसन सिसोदिया सिंभू इंदौरा जाकिर हुसैन गेसावत पंडित विमल पारीक एडवोकेट आबिद अली सरवन जी तनान राम रतन एवं कैलाश सैनीलकी स्वामी एवम अन्य लोग मौजूद थे।

## माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर, नांगल जैसा बोहर में वार्षिक परीक्षा परिणाम तथा पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ

■ संजीवनी टुडे





जयपुर। समारोह के मुख्य अतिथि श्री पुष्प जी स्वामी (महामंत्री, विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, जयपुर), रहे। मुख्य वक्ता के रूप में श्री पुष्कर जी उपाध्याय (व्यवस्थापक, आदर्श शिक्षा परिषद समिति, जयपुर) उपस्थित रहे। अध्यक्षता श्री श्रवण सिंह जी शेखावत (शाखा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, निवारू रोड, जयपुर) ने की। विशिष्ट अतिथि श्री सतीश जी सोनी (वरिष्ठ संवाददाता, हिंदुस्तान न्यूज़ चैनल नम्बर1)श्री दीपक जी अग्रवाल (उद्योगपति एवं हिंदू जागरण मंच प्रांत, आर्थिक आयाम टोली सदस्य) विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. महावीर सिंह बलवदा, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अंशुमान गौड़, प्रबंध समिति के सम्मानित सदस्य, विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी, अभिभावक व अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि श्री पुष्प जी स्वामी ने संस्कारमय शिक्षा को वर्तमान समय के लिए आवश्यक बताया एवं विद्या भारती द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रभक्त बालक -बालिकाओं के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने विद्यालय के वातावरण और शैक्षणिक कार्य को समाज और राष्ट्र के लिए श्रेष्ठ बताया। मुख्य वक्ता श्री पुष्कर जी उपाध्याय ने विद्या भारती की संकल्पना को सभी के समक्ष रखते हुए संगठन के लक्ष्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय और अभिभावक का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि श्री सतीश जी सोनी ने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम की बधाई देते हुए जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री श्रवण सिंह जी शेखावत ने विद्यार्थियों में हमारी भारत की भविष्य के लिए बचत करने की प्राचीन परंपरा बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बालकों को प्रारंभ से ही बचत करने की सीख देकर उनके सुनहरे भविष्य की नींव रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में अच्छे वातावरण में संस्कार में शिक्षा देने पर जोर दिया जाता है ।साथ ही विद्यालय में भौतिक संसाधनों के विकास के लिए सहयोग की बात भी कही। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अंशुमान गौड़ ने सभी का परिचय एवं स्वागत करवाया तथा सभी कक्षाओं के परीक्षा परिणाम की घोषणा भी की। सम्माननीय अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को शैक्षिक तथा सहशैक्षिक गतिविधियों के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा. महावीर सिंह बलवदा ने सभी का आभार प्रदर्शित करते हुए बताया कि परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी जीवन मूल्यो और परंपराओं से युक्त मनुष्य का निर्माण संस्कारवान शिक्षा के द्वारा ही संभव है।

### डॉ गौरीशंकर प्रजापत को चण्डीदान देवकरणोत बारहठ राजस्थानी भाषा अनुवाद पुरस्कार

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। नेम प्रकाशन डेह द्वारा राजस्थानी भाषा पुरस्कार 2024 की घोषणा आज विधिवत कर दी गई है। राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति के उन्नयन एवं संवर्धन हेतु उक्त संस्था द्वारा लगभग अठाईस पुरस्कार विभिन्न



विधाओं एवं साहित्य सेवा के अंतर्गत समाज के विशिष्ट व्यक्तियों के नाम से दिये जाते हैं। आज इन पुरस्कारों की विधिवत घोषणा कर दी गई है। इसके अंतर्गत राजस्थानी भाषा का '' चण्डीदान देवकरणोत बारहठ राजस्थानी भाषा अनुवाद पुरस्कार बीकानेर के डॉ गौरीशंकर प्रजापत के उपन्यास '' तजरबो'' को दिया जाएगा। ''तजरबो'' उपन्यास बंगाली साहित्यकार दिव्येंदु पालित के बंगाली उपन्यास अनुभव का राजस्थानी अनुवाद है । तजरबो उपन्यास केन्द्रीय साहित्य अकादेमी नई दिल्ली से प्रकाशित हुआ है। डॉ प्रजापत की कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है ''निबंध सबरंग, भळै भरोसो भोर रो, और राजस्थानी साहित्य शास्त्र री ओळखाण विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है जिसके दस से अधिक संस्करण निकल चुके हैं। डॉ गौरीशंकर प्रजापत राजस्थानी मोट्यार परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष है और राजस्थानी भाषा की मान्यता आंदोलन के आगीवाण सिपाही है।

## असम के कामरूप जिले में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की समीक्षा बैठक सम्पन्न

■ संजीवनी टुडे

असम। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण से पहले असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग गोयल ने आज बुधवार को गुवाहाटी और बारपेटा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत कामरूप निर्वाचन जिले का दौरा किया और जिले की चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। कामरूप जिले के एकीकृत आयुक्त कार्यालय के बैठक कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कामरूप जिला आयुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कीर्ति जल्ली, जिला विकास आयुक्त सुशांत कुमार दत्ता, जिला परिषद सीईओ अर्प बगलारी, पुलिस अधीक्षक रंजन भुइयां, अतिरिक्त जिला आयुक्त (निर्वाचन) कमल बरुआ सहित विभिन्न चुनाव प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारियों की उपस्थिति में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रांग रूम मैनेजमेंट, वेबकास्टिंग,



जीपीएस सिस्टम, ईवीएम प्रबंधन, पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान, घर से मतदान आदि जैसे निर्वाचन से जुड़े पहलुओं की समीक्षा की। कामरूप निर्वाचन जिले में मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आज की बैठक में कुछ सुझाव दिए जैसे कि किसी भी प्रकार की शिकायत का सक्रिय समाधान, मतदान के दिन किसी भी कारण से मतदान देर तक जारी रहने पर उत्पन्न होने वाली समस्याओं से निपटने के लिए तैयार रहने के लिए सुझाव दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आज स्ट्रांग रूमों, ईवीएम को चालू करने के साथ-साथ मतदान सामग्री के वितरण के लिए डिज़ाइन किए गए काउंटरों का निरीक्षण किया। समीक्षा बैठक में असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग गोयल ने व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी कार्यक्रम के तहत कामरूप चुनावी जिले द्वारा तैयार मतदाता जागरूकता से संबंधित एक वीडियो जारी किया और ''पोलिंग स्टेशन एट योर फिंगरटिप्स'' नामक एक वेबसाइट लॉन्च की। वेबसाइट को कामरूप चुनावी जिले द्वारा मतदाताओं की सुविधा और मतदान प्रक्रिया में मतदाता भागीदारी बढ़ाने के लिए विकसित किया गया है और यह मतदान केंद्रों के मतदाता विवरण जैसे मतदान केंद्रों की दूरी, मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए आवश्यक अनुमानित समय, मौसम की जानकारी होने के साथ-साथ आप मतदान केंद्र का एडवांस वीडियो भी देख सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वर्चुअल रियलिटी तकनीक का उपयोग करके मतदान का अनुभव प्रदान करने के लिए कामरूप इलेक्टोरल डिस्ट्रिक्ट द्वारा किए गए कार्यक्रम की भी सराहना की। बैठक में अतिरिक्त जिला आयुक्त नित्या विनोद वारी, चंदना बरुआ, निर्वाचन अधिकारी मानस ज्योति बोरा और चुनावी प्रक्रिया से जुड़े अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा पहली बार 8 देशों में मनाया जायेगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव

■ संजीवनी टुडे



जयपुर। सर्व ब्राह्मण महासभा ने मोती डूंगरी स्थित गणेश जी के मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच गणेश निमंत्रण के साथ 15 दिन तक देश विदेश में चलने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह का विधिवत शुभारम्भ हुआ। सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने सपत्नीक नीलम मिश्रा, मोती डूंगरी के महंत कैलाश शर्मा, गलता गेट के सियाराम दास महाराज, लाड़ली मंदिर के संजय गोस्वामी की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्रथम पूज्य भगवान गणपति को निमत्रिंत किया और समारोह की सफलता के लिये गणपति की पूजा की। इस अवसर पर संत-महंतों ने विधि विधान से गणेश जी को आमंत्रित किया गया एवं उपस्थित विद्वान पण्डितों ने मंत्रोच्चारण के साथ सस्वर पाठ किया। मिश्रा ने बताया कि कि इस बार ना केवल राजस्थान और देश में वरन विश्व के 8 प्रमुख देशों में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन होगा। ऐसा पहली बार होगा की विदेषो की धरती पर भगवान परशुराम जी की जय जयकार होगी और विभिन्न आयोजन होगें। जिसमें प्रमुख रूप से ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड, लंदन, कनाडा, इटली, अमेरिका, बैंकांग, दुबई, कतर में परशुराम जन्मोत्सव 10 मई अक्षय तृतीया को धूमधाम से आयोजित किया जायेगा और देश की सभी राजधानियों में शस्त्र पूजन के आयोजन किये जायेगें। साथ ही राजस्थान प्रदेश में सभी जिला मुख्यालयों और तहसील, गांव ढाणी स्तर तक भगवान परशुराम जन्मोत्सव के तहत विभिन्न आयोजन किये जायेंगे। इस अवसर पर सदगुरू आचार्य गोपाल शरण महाराज, सर्व ब्राह्मण महासभा के संरक्षक एच.सी. गणेशिया, मुकेश मिश्रा, राष्ट्रीय महामंत्री महिला प्रकोष्ठ सविता शर्मा, उपाध्यक्ष श्योपत सिंह कायल, सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर शहर अध्यक्ष अनिल सारस्वत, युवा जयपुर संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एड. कमलेश शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री श्याम शास्त्री, प्रमुख महामंत्री मनोज मिश्र ने पूजा अर्चना कर गणेश निमंत्रण किया। इस अवसर पर एक रंगीन स्टीकर और भगवान परशुराम जी के कट आउट का विमोचन भी किया गया।

## खबरें फटाफट

### जिला स्तरीय विश्व मजदूर दिवस का किया आयोजन



■ संजीवनी टुडे

सलूंबर।सलूंबर सेरिंग तालाब पर अरावली संगठन और उजाला संगठन द्वारा जिला स्तरीय विश्व मजदूर दिवस का आयोजन किया गया।सबसे पहले मजदूर दिवस पर रैली के माध्यम से शेयरिंग तालाब से होते हुए बस स्टैंड से एसडीएम कार्यालय में एसडीएम को ज्ञापन देकर वापस शेयरिंग तालाब तक पहुंचे।लगभग 300 लोग शामिल हुए। इसके बाद सेरिंग तालाब पर सभा का आयोजन किया गया।जिसमें विश्व मजदूर का इतिहास बताते हुए अलग-अलग वक्ताओं ने अपनी बात रखी। अरावली निर्माण मजदूर संगठन के अध्यक्ष ने मजदूरों के हक व अधिकारों के बारे में जानकारी दी।साथ ही उजाला संगठन के सदस्य कालू ने महिलाओं को कैसे संगठित रहना और कैसे अपने हक और अधिकारों के लिए लड़ना है के बारे मे बताया।इसके बाद लेबर लाइन ऑफिस उदयपुर से संतोश पुनिया ने लेबर लाइन के कानूनो के बारे में जानकारी दी।साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर से संतोष मेहरिया ने श्रमिक वर्ग के अधिकारों व कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम में अरावली उजाला संगठन के सदस्य कन्हैयालाल, रूपलाल, अमृतलाल, उजाला संगठन के सदस्य कालू बाई,कमला बाई और आजीविका से वजा राम,राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन केवराम मीणा ने किया।

### ट्रैक्टर की ट्रॉली पलटने से 15 जने घायल, जेतपुरा के पास हुई घटना



■ संजीवनी टुडे

भींडर। जैतपुरा रेलवे स्टेशन पुलिया के पास गुरुवार दिन में करीब 2:00 बजे एक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसमें सवार महिला पुरुष सहित 15 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय व राहगीरों की मदद से भींडर राजकीय गुलाब सिंह शक्तावत सामान्य चिकित्सालय पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद कुछ रोगियों को छुट्टी दे दी गई तो कुछ का उपचार देर शाम तक जारी रहा। दाखी बाई पत्नी भंवरलाल गायरी उम्र 26, उदा पुत्र परथा गायरी उम्र 70, गंगा पत्नी लालू राम गायरी उम्र 60, चुन्नी बाई पत्नी अमरा गायरी उम्र 50, इलू पत्नी मांगीलाल गायरी उम्र 45, नाथी पत्नी गंगाराम गायरी उम्र 65, निवासी डोडियो का खेड़ा, कुस्यां पत्नी शंकर लाल गायरी उम्र 30 निवासी हिंता, प्यारी पत्नी मोतीलाल गायरी उम्र 35, रुक्मणी पत्नी हेमराज गायरी उम्र 30, पुष्पा पत्नी शंकर गायरी उम्र 35, चांदी पत्नी हिरालाल गायरी उम्र 30, पेमा पत्नी भेरूलाल गायरी उम्र 22 निवासी डोडियो का खेड़ा, देऊबाई पत्नी लालू राम गायरी उम्र 65 निवासी भग्गीमा का खेड़ा, चुन्नी पत्नी नवला गायरी उम्र 70, मांगी पत्नी पुरा गाड़ी उम्र 34 वर्ष निवासी भोपा खेड़ा घायल हो गए।

### अचानक लगी आग ने जंगल को लिया चपेट में, एक मकान जलने से बचा, भींडर की दमकल पहुंची



■ संजीवनी टुडे

लसाडिया/ लसाडिया उपखण्ड क्षेत्र के कूण निकटवर्ती शोभजी का गुड़ा ग्राम पंचायत में अचानक आग लग जाने से खड़ी फसल व जंगल जल गया। मिली जानकारी के अनुसार शोभजी का गुड़ा ग्राम पंचायत के बडली का छोड़ा के वेला फला में बुधवार दोपहर को अचानक आग लग जाने से अफरा तफरी का माहौल हो गया आग का धुआं देख ग्रामीण घटना स्थल की और दौड़ पड़े। आग इतनी भयंकर थी देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग ने वेला फला में लिम्बाराम पिता हरिराम मीणा के खेत में उग रही मुंग की फसल को जल कर खाक हो गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और जंगल की तरह बढ़ी और पास की आबादी के घरों तक भी पहुंच गई। बताया गया कि एक घर के कुछ हिस्से को आग ने चपेट लिया है। लेकिन ग्रामीणों की सुझबुझ से आग पर काबू पाया गया वहीं आग ने जंगल कि करीब 15 हेक्टेयर भूमि को चपेट में लिया। इधर ग्रामीणों ने भीण्डर नगर पालिका की दमकल को सुचना दी, सुचना पर भींडर से दमकल पहुंची और आग पर काबू पर पुरी तरह काबू पाया गया। सुचना पर लसाड़िया उपप्रधान धनराज पटेल, समाजसेवी भंवर लाल मीणा, सरपंच शंकर लाल मीणा, प्रेमचंद मीणा घटना स्थल पहुंचे वहीं सुचना पर स्थानीय पटवारी सुरज करण ने घटनास्थल का मोका मुआयना किया है।

# आराध्य देव भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव को लेकर विप्र समाजजन की हुई बैठक

## 8 मई को रक्तदान शिविर व 10 मई को शोभायात्रा को लेकर की विस्तृत चर्चा

■ संजीवनी टुडे



वल्लभनगर। ब्राह्मण समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव अक्षय तृतीया 10 मई को लेकर उपखंड क्षेत्र वल्लभनगर के विप्र समाजजन की बैठक का आयोजन श्री शीतला माता मंदिर, वल्लभनगर में हुआ, जिसमें विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में श्री परशुरामजी जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई तथा 10 मई को उदयपुर में निकलनी वाली शोभायात्रा को ऐतिहासिक बनाने पर चर्चा की गई। बैठक में विप्र समाज को 10 मई के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अलग-अलग जिम्मेदारिया दी गई। विप्र फाउंडेशन वल्लभनगर तहसील अध्यक्ष हुक्मीचंद सांगावत, देहात जिला महासचिव प्रेमशंकर रामावत ने बताया कि भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव को लेकर उदयपुर शहर में विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान में पांच दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें वल्लभनगर, भींडर, कानोड़, मावली तहसीलों के सभी विप्र समाजजन को ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होना है। साथ ही सभी ब्राह्मणों के सहयोग से भगवान श्री परशुरामजी जन्मोत्सव एक उत्सव की तरह आयोजित किया जाए। इस विचारधारा को समर्थन देते हुए उपस्थित सभी ब्राह्मणों ने समय की कमी को देखते हुए उपस्थित सभी ब्राह्मणों ने एकजुटता दिखाई। देहात जिलासचिव प्रेमशंकर रामावत ने बताया कि पांच दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत 6 मई से हो रही है। 6 मई को परशुराम चौराहा, उदयपुर पर सांय 6.30 बजे दिप प्रज्ज्वलन, महाआरती एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 7 मई सांय 6.30 बजे गंगु कुंड पर गंगा आरती, 8 मई सुबह 8.30 बजे से एमबी कॉलेज इंडोर स्टेडियम में रक्तदान कार्यक्रम, 9 मई को शाम 4 बजे भगवान परशुरामजी प्रतिमा स्थल, वल्लभाचार्य पार्क सेक्टर-11 में हवन, पूजन, अर्चन एवं आरती होगी। 10 मई परशुरामजी जन्मोत्सव पर शाम 4 बजे फतेह स्कूल से विप्र शंखनाद के साथ विशाल शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए निकाली जाएगी, भगवान परशुराम की भव्य झांकी के साथ निकाली जाने वाली शोभायात्रा में हाथी, ऊंट, घोड़े, बैंड का लवाजमा रहेगा। ब्राह्मण समाज के युवा वाहन रैली के रूप में साथ चलेंगे। वहीं मातृ शक्ति एक ही वेशभूषा में मंगल गीत गाती हुई चलेंगी। जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्प वर्षा और आरती उतार कर स्वागत किया जाएगा। रंगीन आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रहेगी। शोभायात्रा पश्चात धर्मसभा एवं महाप्रसादी के आयोजन के साथ ही पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन होगा। बैठक में विप्र फाउंडेशन वल्लभनगर तहसील अध्यक्ष हुक्मीचंद सांगावत, देहात जिला महासचिव प्रेमशंकर रामावत, तहसील महामंत्री डालचंद नागदा, मांगीलाल सिंगावत, तहसील संरक्षक महेश जोशी, नगर अध्यक्ष वल्लभनगर राजकुमार उपाध्याय, युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष कन्हैयालाल चौबीसा, नगर इकाई संरक्षक गोपाल पुजारी, जिला विप्र कर्मचारी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष गोपीलाल मेनारिया, जिला उपाध्यक्ष, पूर्व उपप्रधान मोहनलाल मेनारिया, तहसील उपाध्यक्ष कन्हैयालाल दियावत, राजमल मेनारिया, तहसील सचिव मांगीलाल लुणावत, तहसील संगठन सचिव मोहनलाल मेरावत, कोषाध्यक्ष छगनलाल मेनारिया, तहसील मीडिया प्रभारी सुरेश चंद्र मेनारिया, कैलाश पुजारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## जाशमा में 4 दिन से पेयजल का संकट पेयजल के लिए जूझ रहे हैं लोग

■ संजीवनी टुडे

जाशमा। स्थानीय ग्राम जाशमा में 6 ट्यूब वेल होने के बावजूद भी पेयजल का संकट गहरा रहा है ,कोई भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा है , खराब ट्यूबवेलों की मोटरे खराब हो रही है ,तो उसको दुरुस्त करवा कर बड़ी टंकी के पास पानी को पहुंचावे ,गांव में लगी हुआ टुयुब वेलो मे गर्मी के समय में पेयजल का संकट गहरा रहा ,और लोग पानी के लिए तरस रहे हैं ,हैंडपंप भी नकारा हो गया है ,गांव के भंवरलाल राजोरा ने बताया की पंचायत के द्वारा आठ टैंकर पानी के डाल रहे हैं ,तो भी पेयजल का संकट का समाधान नहीं हो पा रहा है ,जहां मोहल्ले में लगे हैंड पंप जिसमें पानी की मात्रा है वहां पर पेयजल टंकी अवन मोटर्स की व्यवस्था करने की मांग की गई है।

# एक साल पहले स्कूल में हुई चोरी की घटना का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

■ संजीवनी टुडे



चित्तौड़गढ़। मंगलवाड थाना क्षेत्र के ईडरा गांव के सरकारी स्कूल में एक साल पहले हुई चोरी की घटना का मंगलवाड़ थाना पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफतार किया हैं। पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि मंगलवाड़ थाना क्षेत्र के ईडरा के रा.उ.मा. विद्यालय से एक साल पहले अज्ञात बदमाश कमरों के ताले तोड़कर सामान चुरा ले गए थे, जिसमे मंगलवाड़ थाने पर चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच एएसआई नंदलाल सैनी के जिम्मे कर एएसपी परबतसिंह के निर्देशन व वृत्ताधिकारी बडीसादडी डॉ0 कृष्णा सामरिया के सुपरविजन में थानाधिकारी मंगलवाड रामसिंह उ.नि. , एएसआई नन्दलाल सैनी, हैड कानि. देवीलाल, कानि. संजय, राकेश व चन्द्रशेखर की टीम गठित कर बदमाशों की तलाश की गई। पुलिस ने उक्त घटना में आरोपी नीमगाव पुलिस थाना मंगलवाड जिला चितौडगढ़ निवासी 30 वर्षीय रामेश्वर लाल उर्फ रमेश पुत्र मांगीलाल बावरी को नामजद किया गया। आरोपी घटना के बाद से ही गिरफतारी से बचने के लिये भीलवाडा की तरफ चला गया था, तलाशी के दौरान आरोपी रामेश्वर लाल को भीलवाडा से गिरफतार किया जाकर प्रकरण मे अनुसन्धान जारी है। पुछताछ करने पर आरोपी से और भी कई वारदातें खुलने की संभावना है।

## जाशमा मे गन्दगी का आलम मुख्य बस स्टेण्ड पर पसरा कचरा



■ संजीवनी टुडे

जाशमा। उपखण्ड भूपाल सागर क्षेत्र के ग्राम पंचायत जाशमा के मुख्य बस स्टेण्ड पर हर मोहल्ले में गन्दगी फैली हुई। नागरिक सै लेकर राहगीर भी परेशान है। कस्बे मे स्वच्छ भारत मिशन को लेकर ग्राम पंचायत प्रशासन उदासीन हैं स्वछता के नाम पर मोटी राशि व्यय के तौर पर लेकिन जमीनी हकीकत यही हैं की भ्रष्टाचार मे लिप्त ग्राम पंचायत किसी भी प्रकार सै सफाई को लेकर सजग नहीं हैं। जाशमा वासियो की कई शिकायते होने के बावजूत ग्राम पंचायत प्रशासन के कान मे झू रेगने के बराबर हैं. यहाँ पर जनता परेशान हैं, राहगीर भी परेशान हैं रोज रोज गन्दगी के साये में ग्रामीणों का जीना दुसवार हो रहा हैं। ग्राम पंचायत विकास और स्वछता को लेकिन कस्बे मे नालियो को सफाई नहीं हो परिसर रही ,जिससे डेंगू, मलेरिया के जहरीले मछर पनप रहे हैं ,आम लोग स्वास्थ्य केन्द्रो मे जाकर अपना इलाज करने को मझबूर हैं। मच्छर मारने की दवा भी गांव एवं मोहल्ले में छिड़काव करना एवं गंदगी को हटाना ग्रामीणों ने मांग की गई है।

# अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस:श्रमिक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें: बेदाना

■ संजीवनी टुडे

### हरजी में श्रमिकों के अधिकारों पर जागरूकता शिविर आयोजित



आहोर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के तत्वावधान में बुधवार को ग्राम पंचायत हरजी क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर नरेगा श्रमिकों के अधिकारों बाल श्रम, बाल अपराध की दी विधिक जानकारी दी गई, इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के पीएलवी रमेश कुमार बेदाना ने बताया कि सचिव व अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा के आदेशानुसार आहोर उपखंड क्षेत्र ग्राम पंचायत हरजी में आमजन को श्रमिकों के अधिकार, बाल अपराध,बाल उत्पीड़न,बाल श्रम सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई वही बताया कि सभी श्रमिकों की श्रमिक डायरी बनाने व उनसे मिलने वाली विभिन्न योजनाओं में सहायता राशि के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।आज भारत में बाल अपराध व बाल श्रम की स्थिति में विभिन्न स्थानों पर नाबालिग बच्चों से अनेतिक कार्य करवाया जाता है वहीं बच्चे बड़े होकर बाल अपराध की जकड़ में फस जाते हैं श्रमिकों को राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम, राष्ट्रीय लोक अदालत, बाल विवाह रोकथाम अभियान, मृत्यु भोज को जड़ से खत्म कीजिए इस दौरान कनिष्ठ लिपिक बालाराम पुनड, कार्यकर्ता कमला देवी,मधु बाला,रेखा मीणा, आशा शारदा, सहायिका संतोष, सामाजिक कार्यकर्ता चमनाराम,सहित आमजन व श्रमिक उपस्थिति रहें।

# विश्व श्रम दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित




■ संजीवनी टुडे

भोरडा -आहोर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के सचिव अपर जिला व सैशन न्यायधीश वींरेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार राजेश्वर विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक विद्यालय भोरडा मे विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलवी देवाराम ने बाल श्रम निषेध कानून की जानकारी देते हुए बताया कि बालक देश का भविष्य है,वही देश का भाग्य निर्माता है,देश का समग्र विकास बालकों पर निर्भर है,संविधान के अनुच्छेद 24 मे प्रावधान है कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चौ को कल कारखानों,खानों व अन्य जोखिम भरे कार्यो मे नियोजित नही किया जा सकता है,जहां पर उनके जीवन को खतरा हो,6 से 14 वर्ष के बच्चौ को शिक्षा प्राप्त करने का संवैधानिक अधिकार है,जिसकी हर हाल मे पालना सुनिश्चित होनी चाहिए,जिससे बालकों का शारिरिक, मानसिक एवं बौद्धिक दृष्टि से सुदृढ़ विकास हो सकै। शिविर मे बाल विवाह निषेध अधिनियम,माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम, लोक अदालत, स्थाई लोक अदालत, प्रिलिटिगेशन,नशा उन्मूलन, पौधारोपण अभियान सहित विभिन्न नालसा योजनाओ की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। । शिविर मे विद्यालय स्टाफ गोमती देवी,दलाराम ,हमीराराम,रविना,पुजा,शोभा,सीमा,धर्मो, कुलदीप सहित समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे। इसी प्रकार राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भोरडा मे भी विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया और पीएलवी द्वारा विधिक जानकारी दी गई।विद्यालय स्टाफ तुलसी देवी, वीना कुमारी सहित समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## उप निरीक्षक के पुत्र के ईलाज के लिए जिला पुलिस ने दिए करीब 20 लाख रुपये

■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। भरतपुर रेंज में पदस्थापित उप निरीक्षक नरेश शर्मा के 01 वर्ष 09 माह उम्र के पुत्र हृदयांश को स्पाइनल मस्क्युलर एट्रोफी नामक बिमारी के ईलाज के लिए चित्तौड़गढ़ जिला पुलिस के सभी अधिकारी कर्मचारियों ने करीब 20 लाख रुपये की मदद की है। उप निरीक्षक नरेश शर्मा के पुत्र हृदयांश के ईलाज के लिए 17.50 करोड़ रुपये की आवश्यकता हैं। पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि भरतपुर रेंज में पदस्थापित उप निरीक्षक नरेश शर्मा के 01 वर्ष 09 माह उम्र के पुत्र हृदयांश को स्पाइनल मस्क्युलर एट्रोफी नामक बिमारी होने से चिकित्सक की राय के अनुसार इस बिमारी का एक मात्र संभावित उपचार जोल्जेंस्मा नामक इन्जेक्शन एक उत्कृष्ट जीन चिकित्सा उपचार है, चिकित्सकों के अनुसार इस इंजेक्शन को इम्प्लांट करने की अधिकतम उम्र 24 माह (2 वर्ष) हृदयांश के पास समुचित उपचार हेतु ज्यादा समय शेष नहीं है। बच्चे की जीवन रक्षा हेतु लगाये जाने वाले इन्जेक्शन की किमत लगभग 17 करोड़ के आस पास है। जिला चित्तौड़गढ़ पुलिस ने इस अभियान मे मदद करते हुए हृदयांश के जीवन रक्षा हेतु जिले के सभी पुलिस कर्मियों / मंत्रालयिक कर्मियों / सहायक कर्मियों के वेतन से राशि की कटौती माह मार्च 2024 के वेतन से जिले में पदस्थापित कार्मिकों से स्वैच्छा अनुसार की गई हैं। जो कुल मिलाकर 19 लाख 98 हजार 900 रुपये हुई हैं।

# श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन कर सीएम के नाम सोपा ज्ञापन

■ संजीवनी टुडे



सराड़ा,नितेश पटेल।श्री राष्ट्रीय राजपुत करणी सेना मेवाड़ ने कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन कर पुलिस अधीक्षक उदयपुर,जिला कलेक्टर उदयपुर के मार्फत राजस्थान के मुख्यमंत्री एवं राजस्थान पुलिस जयपुर महानिदेशक के नाम शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी को तत्काल सुरक्षा उपलब्ध करवाने और आतंकवादी लॉरेंस बिश्नोई व रोहित गोदारा का इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस जारी कर इनके स्लीपर सेल्स का एनकाउंटर कर राजस्थान को आतंक मुक्त करने को लेकर ज्ञापन सोपा। उदयपुर युवा अध्यक्ष अर्जुनसिंह चुण्डावत ने बताया की राजस्थान सहित अन्य आसपास के राज्यों में एक आतंकवादी ग्रुप लॉरेंस बिश्नोई व रोहित गोदारा गैंग राजनैतिक और पुलिस विभाग के विभीषणों के संरक्षण से दिन पर दिन पनपती जा रही हैं।इस आतंकवादी ग्रुप के मुख्य सरगना विदेश में बैठकर अपने स्लीपर सेल के माध्यम हत्या,फिरौती,लूट डकैती,हत्या की धमकी देना,जानलेवा हमला करके समाज के प्रतिष्ठित लोगों को भयभीत करके अपना आतंक कायम कर रहे हैं।इसी आतंकी संगठन ने सिद्धू मुसेवाला,सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या की और हाल में बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर पर फायरिंग की हैं।इन लोगों को आपके ही पुलिस विभाग तैनात कुछ लोग विभीषण बनकर गुप्त सूचनाएं देकर इनका संरक्षण कर रहे है।हाल ही इस ग्रुप के गैंगस्टर के नाम से शिव विधानसभा विधायक व बाडमेर लोकसभा प्रत्याशी रविन्द्र सिंह भाटी को जान से मारने की धमकी दी है। इस ग्रुप का आमजन में भय उत्पन हो रहा है,इसी का फायदा उठाते हुए इनके नाम से सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट बनाकर आमजन को धमकाकर वसूली की जा रही हैं।इस आतंकी ग्रुप के मुख्य सरगना को एनआईए भी आतंकवादी घोषित कर चुकी हैं।ज्ञापन मे बताया की इसके मुख्य सरगनाओं के लिए केन्द्रीय गृह मंत्रालय को लिखकर इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया जावे,इस आतंकी ग्रुप के स्लीपर सेल्स के एनकाउंटर व पकड़ने के लिए एस आईटी का गठन किया जावे,पुलिस विभाग में तैनात इनके समर्थक व गुप्त सूचनाएं देने पुलिस कर्मियों की तत्काल गोपनीय जांच करवाई जावे,सोशल मिडिया पर इनको फॉलो करने वाले व इनके नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर धमकाने बालों के विरुद्ध गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और राजस्थान समाज विरोध क्रियाकलाप अधिनियम 2006 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जावे,शिव विधायक व बाड़मेर लोकसभा प्रत्याशी रविन्द्र सिंह भाटी को तत्काल सशस्ख सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाये। बताया की श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना आपसे राजस्थान की जनता की ओर से मांग करती हैं कि निम्न मांगो पर तत्काल कार्यवाही कर राजस्थान की जनता को भय मुक्त वातावरण दिया जावे।इस ज्ञापन के माध्यम से संगठन आपको व राज्य सरकार को आगाह कर रहा है,फिर भी प्रशासन की उदासीनता नहीं गई तो आने वाले दिनों में राजस्थान के सर्व समाज सहित संगठन आंदोलन पर उतरेगा।

# दनामी के डर से भेजती रही पैसे; ई-मित्र संचालक ने परिजनों को बताया एक ठग ने अधेड़ महिला से दोस्ती कर 15 लाख रुपए ऐंठ लिए

■ संजीवनी टुडे




कपासन। फ़ेक अश्लील वीडियो बना कर 15 लाख ठगे: ठग ने 54 साल की महिला को बनाया शिकार, बदनामी के डर से भेजती रही पैसे; ई-मित्र संचालक ने परिजनों को बताया एक ठग ने अधेड़ महिला से दोस्ती कर 15 लाख रुपए ऐंठ लिए। पीड़ित महिला के मुताबिक ठग ने वीडियो कॉल पर बात उसका फ़ेक अश्लील वीडियो बना लिया था। जिसके बदौलत उससे पैसे वसूलता रहा। एसएचओ रतन सिंह ने बताया कि, क्षेत्र की एक 54 वर्षीय महिला ने इस संबंध में रिपोर्ट दी हैं, जिसमें बताया गया कि हाल ही में 2 अप्रैल को महिला के मोबाइल पर किसी राजू नाम के व्यक्ति का कॉल आया। उसके बाद वो उसे लगातार कॉल कर महिला से अच्छी अच्छी बाते करने लगा और वीडियो कॉल भी कर उसने महिला से अच्छा व्यवहार बना अपने प्रभाव में ले लिया। उसने अपना नाम मनोज बताया। इसी नाम से उसका मोबाइल नंबर सेव करने को कहा। आरोपी ठग मनोज ने महिला को कॉल कर कहा कि उसका बहुत बड़ा कारोबार हैं। उसके लिए एक गिफ्ट भेजा हैं, उसे छुड़ा लेना। इसके बाद महिला को किसी दूसरे व्यक्ति ने कॉल कर विदेश से मंहगा गिफ्ट आने ओर कस्टम से छुड़वाने के लिए 50 हजार रुपए ट्रांसफर करने को कहा। महिला ने ई-मित्र से यह रुपए ट्रांसफर करवा दिए। उसके बाद करोड़ों की कीमती गिफ्ट के पकड़े जाने ओर उसे छुड़ाने के नाम पर दो लाख और ट्रांसफर करवा दिए। इसके बाद उसे अलग-अलग नंबरों से उसे धमकियां के साथ रुपए की डिमांड होने लगी।

### टीटी पैसे देने से मना किया तो भेजा फ़ेक अश्लील वीडियो

बार-बार डिमांड होने पर महिला ने परेशान होकर पैसे देने से मना कर दिया। इसके बाद आरोपी ठग ने पीड़िता को उसी का एक एडिटेड अश्लील वीडियो भेजा, जिसमें चेहरा तो महिला का था पर शरीर दूसरी महिला का था। इसके बाद इस वीडियो को वायरल कर बदनाम करने की धमकी देकर रुपए की डिमांड की गई। महिला से लगभग 15 लाख रुपए ऐंठ लिए। महिला ने अपने जेवर बेंच कर यह रुपए ट्रांसफर करवाए।

### ईमित्र संचालक ने परिजनों को बताया

महिला के प्रताड़ित होने के बाद डर के मारे परिजनों को यह नहीं बताया, लेकिन ईमित्र संचालक ने परिजनों को महिला के द्वारा राशि ट्रांसफर किए जाने पर के जानकारी दी। इसके महिला ने पूरा राज खोला। साइबर सेल में शिकायत करने पर जिन पर ठगों के नंबरों की डिटेल निकाल कर उनके खातों को सीज कर दिया। मामला कपासन थाने का होने से पीड़िता ने यहां रिपोर्ट दर्ज करवाई हैं, जिस पर पुलिस ने आरोपी अज्ञात ठगों के खिलाफ मामला दर्ज किया हैं। इसकी जांच खुद एसएचओ करेंगे।

# पुलिस साइबर टीम ने गुमशुदा 75 मोबाईल किये बरामद,मिले मिलने के बाद पीड़ितों के खिले चेहरे

■ संजीवनी टुडे



सलूम्बर।सलूम्बर एसपी अरशद अली द्वारा जिले के विभिन्न थानों मे दर्ज मोबाईल गुमशुदगी के निस्तारण हेतु साइबर सैल सलूम्बर को निर्देशित किया गया।जिस पर पुलिस निरीक्षक अपराध सहायक वीना लोठ के निकट सुपरविजन मे साइबर सैल सलूम्बर से हैड कांस्टेबल ईश्वर सिंह,कांस्टेबल हितपाल सिंह,हेमेन्द्र सिंह,महिला कांस्टेबल कल्पना,मोहन कुंवर की टीम का गठन किया गया।साइबर टीम द्वारा जिले के थानो से मोबाईल गुमशुदगी का रिकॉर्ड प्राप्त कर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उदयपुर, खेरवाडा, ऋषभदेव, धरियावाद, अहमदाबाद गुजरात, मध्यप्रदेश,महाराष्ट्र से कुल 75 मोबाईल बरामद किये गये।जिनकी बाजारी किमत करीबन 12 लाख रूपये है।बरामद किये मोबाईल परिवादीयो को सलूंबर एसपी अरशद अली ने एसपी कार्यालय में अपने हाथों से पुनः सुपुर्द किये गये। एसपी ने आमजन से अपील की कि भविष्य मे किसी भी व्यक्ति को कहीं गिरा हुआ मोबाईल अगर मिलता है,तो उसे अपने पास रखने के बजाय अपने नजदीकी पुलिस थाने में जमा कराये एवं किसी से भी बिना बिल के कोई भी मोबाईल ना खरीदें।मोबाईल दुकानदारों से अपील है कि अपने दुकान पर कोई ग्राहक मोबाईल को अनलॉक कराने या मोबाईल बेचने आता है तो सर्वप्रथम दुकानदार उस मोबाईल का बिल अवश्य मांगे तथा बिल एवं ग्राहक के आधार कार्ड की फोटोकॉपी लेकर रिकॉर्ड अपनी दुकान पर रखें।

सम्पादक की कलम से....

सम्पादकीय

# प्रेस की स्वतंत्रता एक मौलिक जरूरत है



विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस प्रत्येक वर्ष 3 मई को मनाया जाता है। प्रेस किसी भी समाज का आइना होता है। 1991 में यूनेस्को की जनरल असेंबली के 26वें सत्र में अपनाई गई सिफारिश के बाद, संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) ने दिसंबर 1993 में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की घोषणा की थी। प्रेस की आजादी से यह बात साबित होती है कि किसी भी देश में अभिव्यक्ति की कितनी स्वतंत्रता है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में प्रेस की स्वतंत्रता एक मौलिक जरूरत है। आज हम एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं, जहाँ अपनी दुनिया से बाहर निकल कर आसपास घटित होने वाली घटनाओं के बारे में जानने का अधिक वक्त हमारे पास नहीं होता। ऐसे में प्रेस और मीडिया हमारे लिए एक खबर वाहक का काम करती हैं, जो हर सवेरे हमारी टेबल पर गरमा गर्म खबरें परोसती हैं। प्रेस केवल खबरे पहुंचाने का ही माध्यम नहीं है बल्कि यह नये युग के निर्माण और जन चेतना के उद्‌बोधन एवं शासन-प्रशासन के प्रति जागरूक करने का भी सशक्त माध्यम है। प्रेस देश एवं दुनिया की राजनीति और उसके लिए आवश्यक सदाचार का माध्यम रही है। हिंसा, विपत्तियां और भ्रष्टाचार को लेकर भी अनेक पक्ष उसने समय-समय पर प्रस्तुत किये हैं। आज हर हाथ में पत्थर है। आज समाज में नायक कम खलनायक ज्यादा हैं। प्रसिद्ध शायर नज़मी ने कहा है कि अपनी खिड़कियों के कांच न बदलो नज़मी, अभी लोगों ने अपने हाथों से पत्थर नहीं फेंके हैं।ह्ल प्रेस ने समय-समय पर ऐसी स्थितियों के प्रति सावधान किया गया है, 'डर पत्थर से नहीं, डर उस हाथ से है जिसने पत्थर पकड़ रखा है।' महावीर, बुद्ध एवं गांधी का उदाहरण देते हुए बहुत सफाई के साथ प्रेस ने समाज को सजग किया है।

विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस प्रेस की स्वतंत्रता के मौलिक सिद्धांतों का जश्न मनाने के साथ-साथ दुनिया भर में प्रेस की आजादी का मूल्यांकन करने का अवसर है। यह दिवस मीडिया की आजादी पर हमलों से मीडिया की रक्षा करने तथा मरने वाले पत्रकारों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्य करता है। इस दिन के मनाने का उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता के विभिन्न प्रकार के उल्लंघनों की गंभीरता के बारे में जानकारी देना भी है। यह दिन प्रेस की आजादी को बढ़ावा देने और इसके लिए सार्थक पहल करने तथा दुनिया भर में प्रेस की आजादी की स्थिति का आकलन करने का भी दिन है। प्रेस की आजादी का मुख्य रूप से यही मतलब है कि शासन की तरफ से इसमें कोई दखलंदाजी न हो, लेकिन संवैधानिक तौर पर और अन्य कानूनी प्रावधानों के जरिए भी प्रेस की आजादी की रक्षा जरूरी है। यह दिवस प्रेस के सम्मुख उपस्थित विभिन्न झंझावातों एवं संकटों के बीच अपने प्रयासों के दीप जलाये रखने का आह्वान हैं।

भारत जैसे विकासशील देशों में मीडिया पर जातिवाद और सम्प्रदायवाद जैसे संकुचित विचारों के खिलाफ संघर्ष करने और गरीबी तथा अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाई में लोगों की सहायता करने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि लोगों का एक बहुत बड़ा वर्ग पिछड़ा और अनभिज्ञ है, इसलिये यह और भी जरूरी है कि आधुनिक विचार उन तक पहुंचाए जाएं और उनका पिछड़ापन दूर किया जाए, ताकि वे सजग भारत का हिस्सा बन सकें। न केवल भारत में बल्कि दुनिया में प्रेस की स्वतंत्रता को लहूलुहान और जंजीरों में जकड़ने की कोशिशें हो रही हैं। इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों में कैसे भरेगी कलम उड़ान! यही विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर यह एक चिन्तनीय विषय है।

भारत में पत्रकारिता लोकतंत्र का चैथा स्तंभ माना गया है। अकबर इलाहाबादी ने इसकी ताकत एवं महत्व को इन शब्दों में अभिव्यक्ति दी है कि 'न खींचो कमान, न तलवार निकालो, जब तोप हो मुकाबिल तब अखबार निकालो। उन्होंने इन पंक्तियों के जरिए प्रेस को तोप और तलवार से भी शक्तिशाली बता कर इनके इस्तेमाल की बात कह गए हैं। अर्थात कलम को हथियार से भी ताकतवर बताया गया है। पर खबरनवीसों की कलम को तोड़ने, उन्हें कमजोर करने एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को निस्तेज करने के लिए बुरी एवं स्वार्थी ताकतें तलवार और तोप का इस्तेमाल कर रही हैं। दुनियाभर में पत्रकारों को सच की कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी है और पड़ रही है। इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण है बांग्लादेश में समलैंगिक अधिकारों से जुड़े कार्यकर्ता और देश की एकमात्र एलजीबीटी पत्रिका 'रूपबान' के संपादक जुल्हान मन्नान की हत्या। पिछले दिनों बांग्लादेश में ब्लॉगर्स और बुद्धिजीवियों की हत्या की जो घटनाएं सामने आई हैं, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वहां पत्रकार कितने सुरक्षित हैं। यह कहानी सिर्फ बांग्लादेश की नहीं, कमोबेश संपूर्ण विश्व की है।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

मेष

**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

वृष

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

मिथुन

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

कर्क

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

सिंह

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

कन्या

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

तुला

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

वृश्चिक

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

धनु

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

मकर

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

कुम्भ

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

मीन

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# हमारी हिन्दी के शिखर पुरुष का जाना



हिंदी का एक मौन साधक, महर्षि, मनीषी, जिसके आगे हर हिंदी प्रेमी नतमस्तक है, जिसके कर्म से हिन्दी भाषा समृद्ध बनी, ऐसे सजग हिन्दीचेता, महान् रचनाकार एवं समन्वयवादी-जुनूनी व्यक्तित्व श्री अरविन्दकुमार का गत सप्ताह मौन हो जाना, हिन्दी भाषा एवं सृजन-संसार की एक अपूरणीय क्षति है। उन जैसा हिन्दी भाषा का तपस्वी ऋषि आज की तारीख में हिंदी में कोई दूसरा नहीं है। दसवें दशक की उम्र में आज भी वह हिंदी के लिए जी-जान लगाये हुए थे। रोज छः से आठ घंटे काम करते थे, कंप्यूटर पर माउस और की बोर्ड के साथ उनकी अंगुलियां नाचती रहती थी हिन्दी भाषा को समृद्ध एवं शक्तिशाली बनाने के लिये। हिन्दी को यदि उनके जैसे दो-चार शब्द-शिल्पी और मिल जाते तो हिंदी के माथे से उपेक्षा का दंश हट जाता और वह दुनिया की प्रथम भाषा होने के साथ भारत की राष्ट्र-भाषा होने के गौरव को पा लेती। अरविंद कुमार ने हिंदी थिसारस की रचना का जो विशाल, मौलिक, सार्थक और श्रमसाध्य कार्य किया है, उसने हिंदी को विश्व की सर्वाधिक विकसित भाषाओं के समकक्ष लाकर खड़ा किया है। उनका यह प्रयास न सिर्फ अद्‌भुत है, स्तुत्य है और चमत्कार-सरीखा है। निश्चित ही वे शब्दाचार्य थे, शब्द ऋषि थे, तभी हिंदी अकादमी, दिल्ली ने हिंदी भाषा और साहित्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें वर्ष 2010-2011 के हिंदी अकादमी शलाका सम्मान से सम्मानित किया था। हिन्दी भाषा के लिये कुछ अनूठा एवं विलक्षण करने के लिये उम्र को अरविन्दकुमार ने बाधा नहीं बनने दिया, यही कारण है कि उम्र की शताब्दी की ओर बढ़ते पड़ाव पर भी उन्होंने खामोशी अख्तियार नहीं की है। वह लगातार काम पर काम कर रहे हैं। अरविन्दजी हिन्दी का जो स्वरून गढऋ रहे थे, वह बिलकुल नया एवं युगानुरूप था। वे अंग्रेजी की तुलना में हिन्दी को समृद्ध करना चाहते थे। उनका मानना था कि अंग्रेजी की स्पर्धा में यदि हिन्दी न खड़ी हो पाई तो हमारा सर्वस्व नष्ट हो जायेगा। इसलिये उनका नया काम थिसारस के बाद अरविंद लैक्सिकन है। आजकल हर कोई कंप्यूटर पर काम कर रहा है। किसी के पास न तो इतना समय है न धैर्य कि कोश या थिसारस के भारी भरकम पोथों के पन्ने पलटे। आज चाहिए कुछ ऐसा जो कंप्यूटर पर हो या इंटरनेट पर। अभी तक उनकी सहायता के लिए कंप्यूटर पर कोई आसान और तात्कालिक भाषाई उपकरण नहीं था। अरविंद कुमार ने यह दुविधा भी दूर कर दी थी। अरविंद लैक्सिकन दे कर। यह ई-कोश हर किसी का समय बचाने के काम आएगा।

अरविंद लैक्सिकन पर 6 लाख से ज्यादा अंग्रेजी और हिंदी अभिव्यक्तियां हैं। माउस से क्लिक कीजिए-पूरा रत्नभंडार खुल जाएगा। किसी भी एक शब्द के लिए अरविंद लैक्सिकन इंग्लिश और हिंदी पर्याय, सपर्याय और विपर्याय देता है, साथ ही देता है परिभाषा, उदाहरण, संबद्ध और विपरीतार्थी कोटियों के लिंक। उदाहरण के लिए सुंदर शब्द के इंग्लिश में 200 और हिंदी में 500 से ज्यादा पर्याय हैं। किसी एकल इंग्लिश ई-कोश के पास भी इतना विशाल डाटाबेस नहीं है। लेकिन अरविंद लैक्सिकन का सॉफ्टवेयर बड़ी आसानी से शब्द कोश, थिसॉरस और मिनी ऐनसाइक्लोपीडिया बन जाता है। इसका पूरा डाटाबेस अंतर्सांस्कृतिक है, अनेक सभ्यताओं के सामान्य ज्ञान की रचना करता है। अरविंद लैक्सिकन को माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के साथ-साथ ओपन ऑफिस में पिरोया गया है। इस का मतलब है कि आप इनमें से किसी भी एप्लीकेशन में अपने डॉक्यूमेंट पर काम कर सकते हैं। सुखद यह है कि दिल्ली सरकार के सचिवालय ने अरविंद लैक्सिकन को पूरी तरह उपयोग में ले लिया है। अरविंद कहते हैं कि शब्द मनुष्य की सबसे बड़ी उपलब्धि है, प्रगति के साधन और ज्ञान-विज्ञान के भंडार हैं, शब्दों की शक्ति अनंत है। वह संस्कृत के महान व्याकरण महर्षि पतंजलि को कोट करते हैं, 'सही तरह समझे और इस्तेमाल किए गए शब्द इच्छाओं की पूर्ति का साधन हैं।' वह मार्क ट्वेन को भी कोट करते हैं, 'सही शब्द और लगभग सही शब्द में वही अंतर है जो बिजली की चकाचैंध और जुगनू की टिमटिमाहट में होता है।' वह बताते हैं, 'यह जो सही शब्द है और इस सही शब्द की ही हमें अकसर तलाश रहती है।'

हिंदी और अंगरेजी के शब्दों से जूझते हुए वह जीवन में आ रहे नित नए शब्दों को अपने कोश में गूंथते रहते थे, ऐसे जैसे कोई माली हों और फूलों की माला पिरो रहे हों। ऐसे जैसे कोई कुम्हार हों और शब्दों के चाक पर नए-नए बर्तन गढ़ रहे हों। ऐसे जैसे कोई जौहरी हों और कोयले में से चुन-चुन कर हीरा चुन रहे हों। ऐसे जैसे कोई गोताखोर हों और समुद्र में गोता मार-मार कर एक-एक मोती बिन रहे हों शब्दों का। जैसे कोई चिड़िया अपने बच्चों के लिए एक-एक दाना चुनती है अपनी चोंच में और फिर बच्चों की चोंच में अपनी चोंच डाल कर उन्हें वह चुना हुआ दाना खिलाती है और खुश हो जाती है। ठीक वैसे ही अरविंद कुमार एक-एक शब्द चुनते हैं और शब्दों को चुन-चुन कर अपने कोश में सहेजते थे और सहेज कर खुश हो जाते थे उस चिड़िया की तरह ही। कोई चार दशक से वह इस तपस्या में लीन थे सभी तरह की सुध-बुध खोकर। काम है कि खत्म नहीं होता और वह हैं कि थकते नहीं। वह किसी बच्चे की तरह शब्दों से खेलते रहते हैं। एक नया इतिहास बनाया और फिर दूसरा नया इतिहास बनाने चल पड़ते।

अरविन्द कुमार का जन्म 17 जनवरी 1930 को उत्तर प्रदेश के मेरठ नगर में हुआ। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा मेरठ के नगरपालिका विद्यालय में हुई। सन 1943 में उनका परिवार दिल्ली आ गया। यहां उन्होने मैट्रिक किया। वे अंग्रेजी साहित्य में एमए हैं। उन्होंने अपनी धर्मपत्नी कुसुमकुमार के साथ मिलकर हिन्दी का प्रथम समान्तर कोश (थिसारस) रचा, उन्होने संसार का सबसे अद्वितीय द्विभाषी थिसारस द पेंगुइन इंग्लिश-हिन्दी-हिन्दी-इंग्लिश थिसॉरस एण्ड डिक्शनरी भी तैयार की जो अपनी तरह का एकमात्र और अद्‌भुत भाषाई संसाधन है। यह किसी भी शब्दकोश और थिसारस से आगे की चीज है और संसार में कोशकारिता का एक नया कीर्तिमान स्थापित करता है। इतना बड़ा और इतने अधिक शीर्षकों उपशीर्षकों वाला संयुक्त द्विभाषी थिसारस और कोश इससे पहले नहीं था। अरविंद फिल्म पत्रिका माधुरी और सर्वोत्तम (रीडर्स डाईजेस्ट का हिन्दी संस्करण) के प्रथम संपादक थे। पत्रकारिता में उनका प्रवेश दिल्ली प्रेस समूह की पत्रिका सरिता से हुआ। कई वर्ष इसी समूह की अंग्रेजी पत्रिका कैरेवान के सहायक संपादक भी रहे। कला, नाटक और फिल्म समीक्षाओं के अतिरिक्त उनकी अनेक फुटकर कवितायें, लेख व कहानियां प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई हैं। उनके काव्यानुवाद शेक्सपीयर के जूलियस सीजर का मंचन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के लिये इब्राहम अल्काजी के निर्देशन में हुआ। 1998 में जूलियस सीजर का मंचन अरविन्द गौड़ के निर्देशन में शेक्सपियर नाटक महोत्सव (असम) और पृथ्वी थिएटर महोत्सव, भारत पर्यावास केन्द्र (इंडिया हैबिटेट सेंटर) में अस्मिता नाट्य संस्था ने किया। अरविंद कुमार ने सिंधु घाटी सभ्यता की पृष्ठभूमि में इसी नाटक का काव्य रूपान्तर भी किया है, जिसका नाम है - विक्रम सैंधव। 'सर्वोत्तम' अंग्रेजी परिवेश की हिन्दी पत्रिका है, इस पत्रिका को उन्होंने अपने हिन्दी-प्रेम के कारण हिन्दी की अद्‌भुत पत्रिका बनाया। उसके स्तंभों के नाम, उसकी भाषा और उसके विषय इतने अनूठे हुआ करते थे कि कहीं से भी अंग्रेजी की बू नहीं आती थी। शुरू से लेकर अंत तक अपनी तमाम विशेषताओं एवं अनूठेपन के साथ-साथ चलते हुए भी वे जिस एक विशेषता को हमेशा अपने साथ रखते थे, वह था उनका भाषा ज्ञान। शब्दों की उनकी जानकारी।

### विचार बिन्दु

**वे जितना जटिल काम अपने हाथ में लेते हैं, उतनी ही सफलता से उसे शिखर भी देते थे। काम के प्रति कठोर एवं क्रांतिकारी होकर भी वे अपने निजी जीवन में उतने ही सरल, उतने ही सहज और उतने ही व्यावहारिक थे, तो शायद इसलिए भी कि उनका जीवन इतना संघर्षशील रहा है कि कल्पना करना भी मुश्किल होता है कि कैसे यह आदमी बाल-मजदूरी से अपनी जीवन-यात्रा प्रारंभ कर सफलता के इन मुकामों पर पहुंचा। हिन्दी के लिये उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज सचमुच हिन्दी का यह शब्दशिल्पी हमसे जुदा हो गया है।**



ललित गर्ग

# परशुराम जयंती का महत्व और भगवान परशुराम की शौर्य गाथा

ब्राह्म्ण जाति के कुल गुरु भगवान परशुराम की जयंती हिन्दू पंचांग के वैशाख माह की शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाई जाती है। इसे ह्लपरशुराम द्वादशीङ्क भी कहा जाता है। अक्षय तृतीया को परशुराम जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन दिये गए पुण्य का प्रभाव कभी खत्म नहीं होता। खासकर ब्राह्मणों के लिए इस दिन का कितना महत्व है इसका अंदाजा इस बात से भी लगता है कि कुछ राज्यों में इस दिन सार्वजनिक अवकाश भी होता है।

भगवान परशुराम की जयंती देशभर में धूमधाम से मनाई जाती है। भगवान परशुराम ऋषि ऋचीक के पौत्र और जमदग्नि के पुत्र हैं। इनकी माता का नाम रेणुका था। हविष्य के प्रभाव से ब्राह्म्ण पुत्र होते हुए भी ये क्षात्रकर्मा हो गये थे। ये भगवान शंकर के परम भक्त हैं। भगवान शंकर जी ने ही परशुराम जी को एक अमोघ अस्त्र? परशु प्रदान किया था। इनका वास्तविक नाम राम था, किंतु हाथ में परशु धारण करने से ये परशुराम नाम से विख्यात हुए। ये अपने पिता के अनन्य भक्त थे, पिता की आज्ञा से इन्होंने अपनी माता का सिर काट डाला था, लेकिन पुनः पिता के आशीर्वाद से माता की स्थिति यथावत हो गई।

इनके पिता श्रीजमदग्नि जी के आश्रम में एक कामधेनु गौ थी, जिसकी अलौकिक ऐश्वर्य शक्ति को देखकर कार्तवीर्यार्जुन उसे प्राप्त करने के लिए दुराग्रह करने लगा था। अंत में उसने गौ को हासिल करने के लिए बल का प्रयोग किया और उसे माहिष्मती ले आया। किंतु जब परशुराम जी को यह बात विदित हुई तो उन्होंने कार्तवीर्यार्जुन तथा उसकी सारी सेना का विनाश कर डाला। जिस पर पिता श्रीजमदग्नि ने परशुराम जी के इस चक्रवर्ती सम्राट के वध को ब्रह्म हत्या के समान बताते हुए उन्हें तीर्थ सेवन की आज्ञा दी। वे तीर्थ यात्रा पर चले गये, वापस आने पर माता?पिता ने उन्हें आशीर्वाद दिया। दूसरी ओर सहस्त्रार्जुन के वध से उसके पुत्रों के मन में प्रतिशोध की आग जल रही थी। एक दिन अवसर पाकर उन्होंने छद्‌म वेष में आश्रम आकर जमदग्नि का सिर काट डाला और उसे लेकर भाग निकले। जब परशुराम जी को यह समाचार ज्ञात हुआ तो वे अत्यन्त क्रोधावेश में आग बबूला हो उठे और पृथ्वी को क्षत्रिय हीन कर देने की प्रतिज्ञा कर ली तथा 21 बार घूम?घूमकर पृथ्वी को निःक्षत्रिय कर दिया। फिर पिता के सिर को धड़ से जोड़कर कुरुक्षेत्र में अन्त्येष्टि संस्कार किया। पितृगणों ने इन्हें आशीर्वाद दिया और उन्हीं की आज्ञा से इन्होंने सम्पूर्ण पृथ्वी प्रजापति कश्यपजी को दान में दे दी और महेन्द्राचल पर तपस्या करने चले गये।

सीता स्वयंवर में श्रीराम द्वारा शिव-धनुष भंग किये जाने पर वह महेन्द्राचल से शीघ्रतापूर्वक जनकपुर पहुंचे, किंतु इनका तेज श्रीराम में प्रविष्ट हो गया और ये अपना वैष्णव धनु उन्हें देकर पुनः तपस्या के लिए महेन्द्राचल वापस लौट गये। मान्यताओं के अनुसार, भगवान परशुराम के क्रोध का सामना गणेश जी को भी करना पड़ा था। दरअसल उन्होंने परशुराम जी को शिव दर्शन से रोक दिया था। क्रोधित परशुराम जी ने उन पर परशु से प्रहार किया तो उनका एक दांत नष्ट हो गया। इसी के बाद से गणेश जी एकदंत कहलाये। भगवान परशुराम चिरजीवी हैं। ये अपने साधकों?उपासकों तथा अधिकारी महापुरुषों को दर्शन देते हैं। इनकी साधना?उपासना से भक्तों का कल्याण होता है। पौराणिक मान्यता है कि वे आज भी मन्दराचल पर्वत पर तपस्यारत हैं। ऋषि संतान परशुराम ने अपनी प्रभुता व श्रेष्ठवीरता की आर्य संस्कृति पर अमिट छाप छोड़ी। शैव दर्शन में उनका अद्‌भुत उल्लेख है जो सभी शैव सम्प्रदाय के साधकों में स्तुत्य व परम स्मरणीय है।




## 03 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1976 एलेक्ज़ेंडर ग्राहम बेल को अपने आविष्कार का पेटेंट मिला जिसे उन्होंने ''टेलीफ़ोन'' (दूरभाष) का नाम दिया।

1989 भारतीय मूल के लेखक सलमान रश्दी के ख़िलाफ़ ईरानी फ़तवे के बाद ब्रिटेन और ईरान के बीच राजनयिक सम्पर्क टूट गया।

1999 स्काटलैंड संसदीय चुनावों में लेबर पार्टी को सफलता।

2000 ब्लादिमीर पुतिन ने रूस के नये राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार सम्भाला।

2001 पूर्वोत्तर ईरान में बाढ़।

2002 गुजरात की हिंसा पर अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग ने गम्भीर चिंता जताई।

2004 नेपाल के प्रधानमंत्री सूर्य बहादुर थापा ने इस्तीफ़ा दिया।

2008 रूस के पूर्व राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने देश के 10वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। पाकिस्तान ने परमाणु क्षमता से लैस मिसाइल हत्फ़-8 का परीक्षण किया।

जन्मे व्यक्ति

1968 केशव प्रसाद मौर्य - भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज्ञों में से एक हैं।

1912 पन्नालाल पटेल- गुजराती भाषा के जानेमाने साहित्यकार थे।

1861 रबीन्द्रनाथ ठाकुर - नोबेल पुरस्कार प्राप्त बांग्ला कवि, कहानीकार, गीतकार, संगीतकार, नाटककार, निबंधकार।

1880 पांडुरंग वामन काणे - महान्‌ भारतीय संस्कृतज्ञ और विद्वान्‌-पंडित।

1889 एन. एस. हार्डिकर - प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी तथा 'हिन्दुस्तानी सेवादल' के संस्थापक।

# राष्ट्रवाद को सत्ता हथियाने का अवसर ना बनाये

### विचार बिन्दु



संजीव ठाकुर

**अवतारवाद जातिवादी राजनीति और पद लोलुपता तानाशाही प्रवृत्ति को जन्म दे सकते हैं। अति राष्ट्रवादी होने के स्वरूप को ऑन कर तानाशाही की प्रवृत्ति को आम जनता के ऊपर लागना सैनिक तानाशाही अधिनायकवाद तथा फासीवाद को भी जन्म देने की प्रक्रिया के अंग हैं।**

राष्ट्रवाद सार्वभौमिक सत्य है। राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रवाद की भूमिका हमेशा अति महत्वपूर्ण रही है। देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी भी है कि उसकी राष्ट्र के प्रति गहरी निष्ठा,समर्पण हो, पर इसका कतई आशय नहीं है की सत्ता लोलुप राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रवाद को धर्म संप्रदाय से जोड़कर सत्ता हथियाने का अवसर या अस्त्र बनाने का प्रयास करें, निसंदेह इस बात से राष्ट्रीय भावना विखंडित,आहत होती है। ऐतिहासिक तौर पर लगातार सत्ता पर बने रहने के लालच से कोई भी राजा सम्राट अथवा बादशाह चिंता नहीं रहा हैद्य वर्तमान परिदृश्य में राजनीतिक पार्टी के नेता भी सत्ता लोलुपता से परे नहीं है, इस संदर्भ में कई बार राष्ट्रवाद को धर्म से जोड़कर भावनात्मक तरीके से इसे सत्ता प्राप्ति का अस्त्र तथा अवसर बनाकर उपयोग किया जाता रहा है। सत्ता सदैव परिवर्तनशील होती रहनी चाहिए, यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा को और मजबूत बनाती हैद्य लगातार सत्ता किसी भी सत्ताधीश को निरंकुश बनाकर अधिनायकवाद के बीज को रोपित करती है

देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण, अब परिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि एवं और दूरदर्शिता के कारण कई बार जनता के दूरगामी लाभ के स्थान पर तात्कालिक लाभ की प्रक्रिया से अवसरवादी अभिमत तथा तुष्टीकरण की नीति से जनता के लाभ के अवसर को दूर ले जाते हैंद्य

राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की सर दूरदर्शन नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती हैद्य जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती हैद्य अवतारवाद राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव आशीर्वाद तथा पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने सदस्य है यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैंद्य भारतीय परंपरा में भी शाम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है पर इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैंद्य यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं, और यही कारक बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श के विपरीत चले जाते हैंद्य लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों को अवसरवादी का पत्ता एवं दलबदल क्षति पहुंचाने के बहुत बड़े कारण हैंद्य अवसरवाद तथा सत्ता की चाहत लोकतांत्रिक मूल्यों के दूरगामी दुष्परिणामों का बड़ा संकेत हो चुका है। भारतीय संविधान में भी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के छोटे-छोटे छिद्रों से राजनीतिक दल अवसर के जो ताने बाने बुनते हैं उससे राजनैतिक एवं ऐतिहासिक प्रति मानव को हमेशा नुकसान ही हुआ है। अब राजनीति में सिद्धांतों की प्रतिबद्धता बहुत निम्न स्तर पर पहुंच गई है जिससे लोकतांत्रिक नीतियों और सिद्धांतों मैं बहुत ज्यादा विसंगतियां पैदा हो चुकी हैं।

लोकतंत्र में बहुमत के साथ अधिनायकवाद अवतारवाद सत्ता लोलुपता और जातिगत समीकरणों का गलत तरीके से उपयोग सामंतवादी आ लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को जन्म दे सकता है। जातिवादी मतदान की लोकप्रियता वादी मजबूरी के कारण खाप पंचायतों का उदय हुआ है जो पंचायती लोकतंत्र को प्रतिस्थापित कर के मूलभूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के पतन का कारण भी बन सकता है। धर्म तथा धार्मिक प्रथाओं में समानता एवं स्वतंत्रता का हनन धार्मिक लोकतंत्र के अंत का ही स्वरूप है, जिसका कारण तुष्टीकरण आधारित लोकप्रियता वाद एवं अवतारवाद हो सकता है। पशु व्यापार गोवंश के पद पर एकतरफा प्रतिबंध को भी भारतीय लोकतंत्र के समानता स्वतंत्रता एवं धर्मनिरपेक्षता के आदेशों पर एक नकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है।

# डिजिटल सिस्टम से होगी सेहत की रखवाली

हैल्थ संवाददाता

**हर इंसान चुस्त-दुरुस्त रहना चाहता है। नए साल के मौके पर हैल्थकेयर इंडस्ट्री आपके लिए खास चीजें लेकर आने वाली है। जैसे-जैसे समय गुजरेगा आपको पता लगेगा कि अब सेहतमंद रहना आपकी मुट्ठी में है। आप चाहें तो स्मार्टफोन की मदद से भी स्वस्थ रह सकते हैं। अब डॉक्टर्स के पीछे भागने की जरूरत नहीं होगी। आपको किसी भी समय, कहीं भी बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं मिल जाएंगी।**



## एप्स करेंगे सेहत की रखवाली

वर्ष 2015 में हम सबने देखा कि किस तरह से हैल्थ एप्स ने हमारी सेहत की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली। साल 2016 में सेहत के लिए हैल्थ एप्स पर निर्भर रहने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा होगा। इन एप्स की मदद से कहीं भी और कभी भी सेहत संबंधी सलाह ली जा सकती है। ये एप्स आपातकालीन स्थिति में काफी मददगार साबित होते हैं। जहां साल 2013 में 16 फीसदी यूजर्स के फोन में कम से कम एक हैल्थ एप हुआ करता था वहीं वर्ष 2015 में यह आंकड़ा बढ़कर 32 फीसदी हो चुका है। कनेक्टेड डिवाइस फिटनेस ट्रैकर तक ही सीमित नहीं रहेंगे। आने वाले समय में ईसीजी मॉनीटर, ग्लूकोज ट्रैकर, कनेक्टेड पेसमेकर का ट्रेंड रहेगा। अपरिहार्य स्थिति को नियंत्रित करने के लिए ये एप्स सीधे विशेषज्ञों के साथ जानकारियां शेयर कर सकेंगे जिससे मरीजों को काफी लाभ मिलेगा।

## मेंटल हैल्थ पर रहेगा जोर



वर्ष 2016 में वास्तविक ब्रांड ड्रग्स के मुकाबले बायो सिमिलियर ड्रग्स का चलन बढ़ेगा जिससे दवा की कीमतों में भी कमी आएगी। हैल्थ के क्षेत्र में मेंटल हैल्थ पर सबसे ज्यादा फोकस किया जाएगा। लोगों के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक सेहत को सुधारने की दिशा में बड़े कदम उठाए जाएंगे। एक शोध के मुताबिक हर पांच में से एक अमरीकी वयस्क मानसिक रोग से ग्रसित है। सालाना खरबों रुपयों के मानसिक स्वास्थ्य के बिजनेस के और तेजी से बढने का अनुमान है।

## हर जगह फिटनेस क्लासेज

वर्ष 2016 में फिटनेस क्लासेज सबके लिए मुहैया होंगी। कई बड़ी कंपनियां और स्टार्टअप्स इस दिशा में काम कर रहे हैं कि फिटनेस क्लासेज को सबके लिए सुलभ किस तरह से बनाया जाए। इसके साथ ही वियरेबल टेक्नोलॉजी की मदद आप माइंडसेट ट्रेनिंग ले सकेंगे। इससे आप अपने फिटनेस लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। आने वाले समय में छोटे-छोटे समूहों में फिटनेस की ट्रेनिंग दी जाएगी। इस ट्रेनिंग में बेसिक हैल्थ से जुड़ी महत्त्वपूर्ण जानकारियां शेयर की जाएंगी।

## हैल्थ हो जाएगी डिजिटल

वर्ष 2016 में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर फोकस करने वाले स्टार्टअप्स अपना नजरिया बदलेंगे और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को हैल्थकेयर सेक्टर पर फोकस करेंगे। मरीज की स्थिति को देखकर मशीनें फैसला ले सकेंगे और दवा व उपचार में मदद कर सकेंगी। हैल्थकेयर इंडस्ट्री में हैल्थ आईटी, मेडिसिन-डिवाइस, बायोटेक, लाइफ साइंसेज, कन्ज्यूमर हैल्थ और वैलनेस जैसी शाखाओं पर विशेष ध्यान दिया जाने लगेगा। डिजिटल हैल्थ का बोलबाला बढ़ेगा। यही नहीं 2016 में हैल्थ इंश्योरेंस को मैनेज करने के लिए नए टूल्स विकसित होंगे और सेहत से जुड़े डाटा का आकार बढ़ेगा। हाईटेक डेटाबेस का विश्लेषण करके मरीज की बीमारी के इतिहास का तुरंत पता लगा लिया जाएगा। इससे मरीज को समय पर सही इलाज मिल सकेगा। मोटापे और डायबिटीज जैसी क्रॉनिक डिजीज से लडने् के लिए कारगर उपाय सामने आएंगे।

# उफ! क्या करें... वजन ना हुआ कम

घंटों वर्कआउट से पसीना बहाया और अपनी पसंदीदा खाने की चीजों से समझौता भी किया। हर उस डाइट को अपनाने की कोशिश की जो कुछ दिनों में काया पलटने के दावे करती थी। इन सबके बाद भी वजन कम न हो तो प्रश्न उठता है कि आखिर करें तो क्या? विशेषज्ञ कहते हैं कि यह एक दिन की दौड़ नहीं मैराथन है। अच्छे नतीजों के लिए लंबे समय तक तैयारी जारी रखनी होती है। वजन बढ़ना और तमाम प्रयास के बावजूद वजन कम न कर पाना कई बातों पर निर्भर करता है। तनाव, आनुवंशिक कारण, नींद पूरी न होना, थाइरॉएड या मेनोपॉज के दौरान होने वाले हार्मोनल बदलाव वजन बढ़ने का कारण हो सकते हैं। लेकिन यह भी संभव है कि जानकारी के अभाव में आप ऐसी गलतियां कर रहे हों, जो आपकी सभी कोशिशों पर भारी साबित हो रही हैं।



## सेहत भी जरूरी

इस बात में कोई तुक नहीं कि आप वजन कम करने के लिए सेहत और शरीर के लिए जरूरी ऊर्जा से समझौता करें। सही तरीके से वजन कम करें। वजन कम करने में बढ़िया डाइट और व्यायाम का तालमेल बेहद जरूरी है। सभी समूह का भोजन करें यानी ज्वार बाजार आदि साबुत अनाज लें, तो ब्राउन राइस, पनीर, दूध आदि भी लें। कम स्टार्च वाली सब्जियां काली मिर्च, गोभी, ब्रोकली व मशरूम भी खाएं, तो कुछ मात्रा में वसा उत्पाद भी। वजन कम करने की प्रक्रिया आसान लगेगी। ऊर्जा का स्तर बना रहेगा।

## लक्ष्य हो व्यावहारिक

मुबंई स्थित न्यूट्रिशनिस्ट माधुरी रुइया के अनुसार, एक हफ्ते में 5 किलो या एक माह में 20 से 25 किलो वजन कम करने जैसे अव्यावहारिक लक्ष्य न बनाएं। धीमी गति से लंबे समय तक वजन कम करने के लिए खुद को तैयार करें। अपने वजन का एक प्रतिशत हर सप्ताह कम करें। अगर आप पुरुष हैं और कद 180 सेमी व वजन 95 कि.ग्रा. है, तो अपना आदर्श वजन निकालने के लिए कद में से 100 घटा दीजिए। इस मामले में यह 80 कि.ग्रा. होगा। अब अगर15 किलोग्राम वजन कम करना है, तो एक हफ्ते में 950 ग्राम वजन कम करने का लक्ष्य बनाएं। अगले हफ्ते 900 ग्राम, उसके बाद 850 ग्राम। महिलाओं को कद में से 105 कि.ग्रा. घटाना चाहिए। पुरुषों की कमर 36 इंच व महिलाओं की 31.5 इंच से कम होनी चाहिए।

## अपने शरीर को समझे

वेलनेस एक्सपर्ट डॉ. शिखा शर्मा अपनी पुस्तक आर यू फीडिंग योर हंगर ऑर योर इमोशंस में लिखती हैं, जीन के कारण शरीर के मेटाबॉलिज्म, संरचना व भावनात्मक प्रतिक्रिया पर असर पड़ता है, पर यह भूमिका केवल 30% होती है। दृढ़ इच्छाशक्ति, सही डाइट व उचित व्यायाम का चुनाव करके वजन कम किया जा सकता है। शरीर के कुल वजन में मांसपेशी, वसा, हड्डी और पानी का वजन शामिल होता है। डॉ. माधुरी कहती हैं, जब सही तरीके से वजन कम करते हैं तो सबसे अधिक वसा कम होती है। मांसपेशियां मजबूत होती हैं। पर लंबे समय तक लो कैलोरी डाइट से मांसपेशियों का द्रव्यमान तो कम होता ही है, वसा का स्तर भी बढ़ता है। पर्याप्त पोषण के अभाव में कमजोरी व थकावट होती है। शरीर का आकार बिगड़ने लगता है। साथ ही वसा व शरीर के आपसी तालमेल में भी गड़बड़ी उत्पन्न होती है। टॉक्सिन पैदा करने वाली चीजें और अपचा भोजन शरीर में विषाक्त तत्वों को बढ़ाते हैं। आयुर्वेद के अनुसार इससे ऊर्जा का प्रवाह पूरे शरीर में नहीं हो पाता। लिवर कमजोर होता है। बार-बार खाने की इच्छा होती है।

**पुरुषों की कमर 36 इंच व महिलाओं की 31.5 इंच से कम होनी चाहिए।**

## वजन कम न होने की वजह

शुरुआती उत्साह में लोग व्यायाम अधिक करते हैं और खाते कम हैं। नतीजा होता है कि शुरुआत के दो सप्ताह बाद ही शेड्यूल पर कायम नहीं रह पाते। पर्याप्त डाइट के अभाव में मेटाबॉलिक रेट कम होने लगती है। शुरू में तो वजन कम होता है, पर धीरे-धीरे बढ़ने लगता है। डॉ. माधुरी कहती हैं, शुरुआत आसान व्यायाम से करें। कई तरह के व्यायाम करें, एरोबिक व्यायाम, स्टेमिना बढ़ाने वाले व्यायाम और क्रॉस ट्रेनिंग। कार्डियो और और वेट ट्रेनिंग दोनों में संतुलन बनाएं। कम से कम सप्ताह में तीन बार वेट ट्रेनिंग करें और नियमित 20 मिनट कार्डियो व्यायाम करें।

## वसा और कार्बोहाइड्रेट से परहेज

कार्बोहाइड्रेट वे पोषक तत्व हैं जो ऊर्जा में सबसे बेहतर तरीके से परिवर्तित होते हैं। ऐसे में आहार से कार्बोहाइड्रेट को बहुत कम करना यानी कार को बिना ईंधन के चलाना। पूरी तरह कार्बोहाइड्रेट बंद करने की जगह रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट जैसे ब्रेड, क्रेकर्स, सफेद चावल, बिस्कुट व मैदा से बनी चीजों को कम करें। घर का बना संतुलित आहार खाएं। भोजन से पूरी तरह वसा यानी चिकनाईयुक्त पदार्थ हटाने से बार-बार खाने की इच्छा बढ़ जाती है। शरीर पोषक तत्वों को ढंग से ग्रहण नहीं करता। वसा में घुलनशील विटामिन ए, डी व कैल्शियम शरीर को नहीं मिल पाते। इसी तरह पूरी तरह ग्लूटन फ्री डाइट यानी गेंहू, जौ व साबुत अनाज न खाना शरीर में फोलेट व फाइबर तत्वों की कमी करता है।

## भोजन न करना

यह सही है कि दोपहर में भोजन न करके सीधे रात में भोजन करना आपकी कैलोरी की मात्रा को घटा सकता है। पर भूख और तृप्ति का एहसास कराने वाले ग्रलिन और लैप्टिन हार्मोन तभी ढंग से काम करते हैं जब हम हर चार घंटे बाद कुछ न कुछ खाते हैं। खान-पान और व्यायाम से जुड़े अधिक प्रतिबंध भूख लगने की प्रक्रिया को बाधित करते हैं। दिसंबर 2015 में हुए एक शोध में चूहों के खाने में लंबे अंतराल रखने पर उनमें तृप्ति का एहसास कराने वाले ग्रलिन हॉर्मोन के स्तर में कमी देखने को मिली। जिससे उन्होंने बाद में पहले से अधिक खाया। इससे शरीर की हानिकारक वसा को लाभदायक वसा में बदलने की क्षमता भी कम होती है।

## गलत डाइट का चुनाव

हर शरीर की डाइट संबंधी जरूरत अलग होती है। बिना जाने कोई भी डाइट अपनाने से डाइट या तो जेब पर भारी पड़ती है या फिर शरीर को पर्याप्त पोषण नहीं मिलता।

लंबे समय तक सूप व सलाद पर आधारित क्रेश डाइट अपनाने से शुरुआत में वजन कम होता है, पर ये स्थायी नहीं रह पाता। डाइट में से पूरी तरह प्रोटीन यानी अंडा, दूध, पनीर और मुर्गी उत्पादों को हटाने से कमजोरी महसूस होती है, मांसपेशियों में अनियमितता आती है, बाल व नाखून टूटते हैं, असमय बुढ़ापा नजर आने लगता है।

पोषण व जेब दोनों के अनुकूल डाइट ही स्थायी रह पाती है। हफ्ते में एक दिन कुछ मनपसंद भी खाएं।

# बच्चे के गले में जब फंस जाए सिक्का

## तब आजमाएं ये अचूक उपाय



### गले में सिक्का अटकने पर

कई बार छोटे बच्चे सिक्का या कोई अन्य चीज निगल लेते हैं, जिससे वह गले में फंस जाती है। ऐसा होने पर बच्चे को खड़ा करके मुंह में रुमाल फंसाते हुए सिर के पीछे की तरफ बांध दें। इससे वह लंबी सांस नहीं लेगा। लंबी सांस लेने से सिक्का अंदर जाकर आंतों में फंस सकता है। फिर आगे की ओर झुकाकर एक हाथ नाभि पर रखें व दूसरे हाथ से थपथपाएं। फंसी चीज बाहर आ जाएगी। नकसीर, चक्कर व लो-हाई बीपी जैसी आम परेशानियां हैं। अगर अचानक कहीं किसी का बीपी लो हो जाए, तो फर्स्ट एड के रूप में इन तरीकों को अपनाकर स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है...

### चक्कर आने की स्थिति में

दो चम्मच चीनी व चौथाई चम्मच नमक का घोल बनाकर दें व नाक और मुंह के बीच वाले स्थान को दबाएं। ध्यान रहे चीनी व नमक के घोल वाला उपाय सामान्य लोग ही करें। हाई बीपी व डायबिटीज के मरीज न करें। वे फर्स्ट एड के तौर पर नाक व मुंह के बीच वाले स्थान को दबाने वाला तरीका आजमा सकते हैं।



### लो-ब्लडप्रेशर

हथेली-तलवे ठंडे होकर उनमें पसीना आना इसके लक्षण हैं। ऐसा होने पर दोनों हथेलियों व तलवों को 5- 10 मिनट तक रगड़ें।

### हाई ब्लडप्रेशर

सांस में तकलीफ, घबराहट व पसीना आना इसके लक्षण हैं। ऐसा होने पर आज्ञाचक्र (माथे पर बिंदी लगाए जाने वाला स्थान) को एक से डेढ़ मिनट तक दबाएं। इसके अलावा दोनों हाथों की सबसे छोटी अंगुली के नाखून दबाएं।



### सीने में तेज दर्द या जलन

ऐसे में हाथ की कलाई को एक रुमाल से कसकर बांधें व देर किए बगैर अस्पताल ले जाएं। इससे क्लॉटिंग की आशंका कम होगी।

### नकसीर फूटने पर

व्यक्ति को जमीन पर सीधा लेटाएं व पैरों को एक से डेढ़ फीट की ऊंचाई पर किसी मेज आदि पर रखें। उसके बाद सिर पर ठंडी पट्टी या आइसबैग रखें व गीली मिट्टी सुंघाएं।

# शरीर पर विकृत आहार का प्रभाव

यह एक अकाट्य तथ्य है कि भोजन स्वास्थ्य की आवश्यकता है, स्वाद की नहीं। आज हम भोजन स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नहीं, जिह्वा के स्वाद के लिए करते हैं। शरीर का पोषण करने वाले तत्वों की अनदेखी कर स्वाद का रस प्रदान करने वाले फास्ट फूड एवं जंक फूड को ज्यादा महत्व दे रहे हैं। भौतिकवादी वर्तमान युग में भोजन को केवल जायके एवं स्वाद की नजर से देखने का कारण डिब्बाबंद आहार एवं फास्ट फूड का रिवाज बढ़ गया है। वैज्ञानिक मान्यता है कि फास्ट फूड आधारित आहार में विद्यमान कैलोरी और वसा हमारी एक दिन की ऊर्जा जरूरत पूरी करने में समर्थ तो है मगर इसकी आदत पड़ जाने से हम दिन में कई बार इसकी ओर आकर्षित होने लगते हैं। परिणामस्वरूप शरीर में वशा की मात्रा बढ़ने लगती है और हम अनचाहे मोटापे का शिकार बन जाते हैं।

डिब्बाबंद भोज्य पदार्थों में जिन रसायनों क प्रयोग किया जाता है, वे शरीर के न्यूरोहार्मोनल संस्थान पर असर डालते हैं। इन खाद्य पदार्थों को आकर्षक एवं तरोताजा रखने के लिए सोडियम बेंजाइक एसिड, मैग्नीशियम क्लोराइड, कैल्शियम साइट्रेट, सल्फर डाइ-आक्साइड, एरोथ्रोसीन आदि मिलाया जाता है। भोज्य पदार्थों में मिलाए जाने वाले इन रसायनों के असर बताने वाले शोधकर्ता रोंगटे खड़े करने वाले आंकड़े प्रस्तुत करते हैं। बेंजोइक एसिड बहुत अधिक हानिकारक रसायन है। इसकी हल्की-सी मात्रा भी त्वचा को झुलसाने में सक्षम है। इसकी दो ग्राम मात्रा कुत्ते या बंदर को दी जाए तो वह तुरन्त मर जायेगा।

मैग्नीशियम क्लोराइड तथा कैल्शियम साइट्रेट से आंतों में घाव हो जाते हैं। इनके कारण मसूड़ों में सूजन आ जाती है तथा किडनी क्षतिग्रस्त हो सकती है। सल्फर डाइआक्साइड से उदर-विकार उत्पन्न होते हैं। एरोथ्रोसीन भोजन की नली से लेकर समूचे पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचाती है। यही नहीं, डिब्बाबंद आहार के इस्तेमाल से ई. कोलाई, सालमोनेला, सुजेला क्लेकसुला जैसे जीवाणुओं एवं विषाणुओं का संक्रमण हो जाता है। इससे निमोनिया, बेहोशी, तेज बुखार, मस्तिष्क ज्वव, दृष्टिदोष, सयु विकार, हृदयाघात आदि बीमारियां पनपने लगती हैं। स्वास्थ्य संबंधी इन गंभीर परिणामों को जानते हुए भी फास्ट फूड एवं जंक फूड का बढ़ता रिवाज किसी सामूहिक विनाश को आमंत्रण प्रदान करने के समान है।



# झूठे आरोप लगाकर छवि धूमिल करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

**मुंबई।** भोजपुरी फिल्मों के स्टार रवि किशन को अपना पिता बताने वाली महिला ने डीएनए टेस्ट की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया है और मामले में कुछ भी ऐसा नहीं पाया जिससे टेस्ट की जरूरत पड़े। अब इस पर रवि किशन की ओर से बयान आया है कि इन लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इस केस में जिन-जिन लोगों ने छवि धूमिल करने का प्रयास किया है उन सबको जेल जाना होगा। इसमें जो भी बड़े-बड़े नाम शामिल हैं उनमें से किसी को भी माफ नहीं किया जाएगा और वो आरोप लगाने वाली महिला भी जल्द ही जेल जाएगी। गोरखपुर से वर्तमान सांसद रवि किशन को अपना पिता बताकर उनके डीएनए टेस्ट की अर्जी लगाने वाली महिला शिनोवा शुक्ला को अदालत से फटकार मिली है।

## लाइफ Style

# जैस्मीन

## इस साल शादी करेंगी अली गोनी से



अली गोनी और जैस्मीन भसीन अपने 'बिग बॉस' के दिनों से ही हमारा दिल जीत रहे हैं। हमने घर में रहने के दौरान दोनों के बीच का प्यारा रिश्ता देखा, जिससे पता चला कि कैसे उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आख़िरकार, जैस्मीन और अली ने नेशनल टेलीविजन पर एक-दूसरे के लिए अपने प्यार का इज़हार किया और जल्द ही लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे। जब वे दोनों अपने डेटिंग फेज का भरपूर आनंद ले रहे हैं, उनसे अक्सर उनकी शादी की प्लानिंग के बारे में पूछा जाता है। इस बार अली ने इस पर रिएक्ट किया है। जैस्मीन भसीन और उनके बॉयफ्रेंड अली गोनी पिछले कुछ सालों से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। बता दें, जैस्मीन और अली पहली बार मुंबई एयरपोर्ट पर मिले थे, जब वे 'खतरों के खिलाड़ी' की टीम के साथ अर्जेंटीना के लिए रवाना हो रहे थे। हालांकि, बिग बॉस 14 के घर के अंदर उनके रहने के बाद से उन्हें एक-दूसरे से प्यार हुआ और वे तब से एक साथ हैं। वे कई म्यूजिक वीडियो में एक साथ दिखाई दिए हैं और उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को उनके फैंस काफी पसंद करते हैं। जहां हर कोई जैस्मीन भसीन और अली गोनी की शादी के बारे में जानने के लिए एक्साइटेड है, वहीं अली गोनी ने हाल ही में अपनी शादी के बारे में एक बड़ा संकेत दिया है। 'इंस्टेंट बॉलीवुड' के साथ अपनी बातचीत के दौरान, अली ने खुलासा किया कि उनकी मां उन्हें और जैस्मीन को शादी करने के लिए कह रही हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# जेनिफर ने दिखाया एक्शन का दम

मुंबई। जेनिफर लोपेज स्टारर एटलस का टीजर पिछले महीने रिलीज किया गया था , जो ऑडियंस को खूब पसंद आया था। अब फिल्म का ट्रेलर भी जारी हो गया है। जेनिफर लोपेज को आपने कई किरदार में देखा होगा, लेकिन साइंस फिक्शन एक्शन थ्रिलर में एक्ट्रेस पहली बार नजर आएंगी। ट्रेलर में जेनिफर लोपेज छा गई हैं। जेनिफर लोपेज हॉलीवुड की बेहतरीन अदाकारा हैं। साल 1993 में डेब्यू करने वाली जेनिफर ने तीन दशक के करियर में कई हिट फिल्मों में काम किया है।



# कैसेंड्रा नोवा है डेडपूल एंड वुल्वरीन की पॉवरफुल बॉल्ड विलेन..

मुंबई। डेडपूल एंड वुल्वरीन का मारवल के फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म के साथ लोगन का सात साल का वनवास खत्म होगा। 2017 में आई लोगन में वुल्वरीन की मौत दिखाई गई थी। हालांकि ट्रेलर आने के बाद सबसे ज्यादा चर्चा इस सुपरहीरो फिल्म की विलेन को लेकर है जो डेडपूर और वुल्वरीन दोनों के छक्के छुड़ाते नजर आ रही है। वुल्वरीन के फैंस खास तौर पर जश्न मना रहे हैं, क्योंकि इस 2017 में आई 'लोगन' में वुल्वरीन की मौत दिखाई जा चुकी है। अब सात साल बाद मारवल का यह दिलचस्प किरदार बड़े पर्दे पर वापसी कर रहा है। ट्रेलर में डेडपूल यानी वेड विल्सन और वुल्वरीन यानी लोगन के बीच की नोकझोंक फैंस को खूब पसंद आ रही है, मगर ट्रेलर के अंत में एक अन्य किरदार पर निगाहें थम जाती हैं। इसे बेहद ताकतवर बाल्ड कैरेक्टर को देखकर जहन में सवाल उठना लाजिमी है।



# आयशा की सादगी देख यकीन नहीं होता

**नई दिल्ली।** रजा मुराद का सख्त सा चेहरा, कठोर सी आंखें और उनकी भारी भरकम आवाज ही फिल्मी दर्शकों को दहलाने के लिए काफी होती थी। उनकी ये आवाज ही उनकी पहचान बन गई। रजा मुराद मशहूर एक्टर मुराद के बेटे हैं। मुराद ने भी दशकों तक फिल्म इंडस्ट्री में काम किया। इस दौरान वो दिलीप कुमार, पृथ्वीराज कपूर जैसे कई उम्दा सितारों के साथ नजर आए। लेकिन परिवार की ये फिल्मी विरासत बेटी को नहीं मिली। रजा मुराद की बेटी उनके साथ इंस्टाग्राम पर तो दिखाई देती हैं, लेकिन फिल्मी पर्दे पर दिखाई नहीं दी। रजा मुराद की बेटी का नाम है आयशा मुराद। आयशा मुराद को आप रजा मुराद के इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरों में देख सकते हैं। रजा मुराद अक्सर अपने परिवार के साथ तस्वीरें पोस्ट करते है जिसमें वो अपनी पत्नी, बेटी और बेटे के साथ दिखाई देते हैं।



# राकेश जिम में करते हैं जी तोड़ मेहनत

**नई दिल्ली।** सिल्वर स्क्रीन पर आप एक्टर्स और एक्ट्रेसेज की फिटनेस के बड़े फैन होते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि अपना लुक मेंटेन करने के लिए इन्हें कितनी मेहनत करनी पड़ती है। ये मेहनत केवल यंगस्टर्स ही नहीं करते बल्कि सीनियर एक्टर्स भी खुद को फिट रखने के लिए और पब्लिक लाइफ में रहने के लिए खासी मेहनत करते हैं। फिलहाल राकेश रोशन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में राकेश जिम में जी तोड़ मेहनत करते नजर आ रहे हैं। 74 साल के राकेश का जिम शेड्यूल देखकर उनके बेटे ऋतिक रोशन भी हैरान रह गए। ऋतिक रोशन भी रह गए हैरानऋतिक ने पापा की तारीफ करते हुए उनकी रील शेयर की और लिखा, मतलब कैसे !!! हाउ? अनबिलीवेबल पापा।

## टीवी मसाला

# कपिल शर्मा के शो में देओल ब्रदर्स ने की जमकर मस्ती

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा एक बार फिर अपनी टीम के साथ वापसी कर चुके हैं। कपिल शर्मा टीवी के बाद अब ओटीटी पर कदम रख चुके हैं। नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में हर हफ्ते लोगों को हंसाने के लिए नेटफ्लिक्स पर आ जाते हैं। अब आने वाले एपिसोड में देओल ब्रदर्स यानी सनी देओल और बॉबी देओल आने वाले हैं। शो का प्रोमो आ गया है जिसमें कपिल शर्मा सनी देओल और बॉबी देओल के साथ मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों ही एक्टर्स को उनकी फिल्म गदर 2 और एनिमल की सक्सेस के लिए सभी ने बधाई भी दी और देओल ब्रदर्स ने कई राज भी खोले हैं।



### कपिल ने लिए काशीपुर वाले निराला बाबा के मजे

द ग्रेट इंडियन कपिल शो का ये नया प्रोमो वीडियो लोगों को काफी पसंद आ रहा है। इस वीडियो में कपिल शर्मा बॉबी देओल के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं।वीडियो में देखा जा सकता है कि आश्रम के काशीपुर वाले बाबा को लेकर बॉबी देओल के साथ कपिल शर्मा ने जमकर मस्ती की। कपिल कहते हैं- 'हम समझ गए जीवन का असली सुख आश्रम में ही है'। जिसके जवाब में बॉबी कहते हैं- 'लड्डू खाने हैं तो आ जाओ मेरे पास'। इसके जवाब में कपिल कहते हैं- पाजी लड्डू खाने में किसी को कोई प्रॉब्लम नहीं है लेकिन लड्डू खाने के बाद आप जो हरकतें करते हो ना... कपिल की ये बात सुनकर सभी लोग जोर-जोर से हंसने लगते हैं।

### सनी देओल ने पापा धर्मेंद्र की बताई बात

उसके बाद सनी देओल वीडियो में बताते हैं।पापा कहते हैं आओ मेरे साथ बैठो दोस्त बनों। मैं बोलता हूं- पापा मैं आपको दोस्त बनकर बात बताऊंगा तो आप फिर पापा बन जाते हो। इस वीडियो को देखकर ही लग रहा है ये शो काफी मजेदार होने वाला है। जिसमें सुनील ग्रोवर भी बॉबी और सनी के साथ ढेर सारी मस्ती करेंगे। बता दें द ग्रेट इंडियन कपिल शो के आखिरी एपिसोड में आमिर खान आए थे। जिसमें उन्होंने अपनी फैमिली, पर्सनल लाइफ और काम को लेकर ढेर सारी बातें की। साथ ही उन्होंने फैंस को ऐसी बातें बताईं जो शायद ही पहले किसी को पता होंगी।

# अक्षय के करियर को हॉरर फिल्म से ट्रैक पर लाएंगे प्रियदर्शन!

**मुंबई।** प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की सुपरहिट जोड़ी अब 14 साल बाद फिर साथ आने वाली है। प्रियदर्शन ने अक्षय के साथ अपनी नई फिल्म अनाउंस की है और साथ ही यह भी बताया है कि वह किस सब्जेक्ट पर आधारित होगी। प्रियदर्शन ने अक्षय कुमार के साथ 'हेरा फेरी', भागमभाग', 'भूल भुलैया' और 'गरम मसाला' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। प्रियदर्शन ने बताया कि वह अभी तक वह अपनी डॉक्यू-सीरीज पर काम कर रहे थे, जो राम मंदिर के इतिहास पर बनी है। उन्होंने कहा, 'अब जब मैंने राम मंदिर के इतिहास पर अपनी डॉक्यू-सीरीज पूरी कर ली है, तो मैं अब अक्षय के साथ अपनी सबसे महत्वपूर्ण फिल्म पर काम शुरू कर रहा हूं।



# गोवा, यूरोप व श्रीलंका समेत इन खूबसूरत जगहों पर हुई है 'कंगुवा' की शूटिंग



**नई दिल्ली।** स्टूडियो ग्रीन और सूर्या शिवकुमार द्वारा मैग्नम ओपस 'कंगुवा' के टीजर रिलीज के बाद से इसने हर जगह काफी उत्साह पैदा कर दिया है। इस शानदार टीजर में वह सब कुछ है, जो इसे हॉलीवुड प्रोडक्शन के लेवल का बनाता है: एक्सपर्टाइज, क्रिएटिव थिंकिंग, कंटेंट की ओरिजेनिलिटी, जबरदस्त बैकग्राउंड स्कोर और एक्जिक्यूशन टीजर ने देश भर में दीवानगी को बढ़ा दिया है। सभी को टीजर बहुत पसंद आ रहा है और दर्शक धमाकेदार एक्शन देखने का इंतजार कर रहे हैं।बॉबी देओल जहां इसमें खलनायक की भूमिका में हैं।वहीं सूर्या वीर योद्धा के किरदार में हैं, जिनके बीच जबरदस्त संग्राम देखने मिलने वाला है।

### एक्शन सीन्स के लिए की 60 दिन की शूटिंग

कंगुवा बेशक इस साल आने वाली सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। मेकर्स ने इसे दर्शकों के लिए ना भूलने वाला अनुभव बनाने के लिए हर तरह की मुमकिन कोशिश की है। फिल्म दो अलग-अलग समय, अतीत और वर्तमान की कहानी कहती है। इसलिए उन्होंने इसे दुनिया भर में रीयल लोकेशस पर फिल्माया है। फिल्म को खास बनाए रखने के लिए मेकर्स ने इसे गोवा, यूरोप और श्रीलंका जैसी खूबसूरत जगहों पर फिल्माया है। उन्होंने वहां 60 दिन शूटिंग की, खास तौर पर एक्शन सीन्स के लिए।350 करोड़ के बजट वाली इस फिल्म के कुछ अहम हिस्से चेन्नई के पास और यहां तक कि पांडिचेरी में भी फिल्माए गए हैं. हाल ही में मेकर्स केरल और कोडईकनाल के जंगलों में सूर्या के साथ एक महत्वपूर्ण सीन को फिल्माया। पिछले अक्टूबर में, मेकर्स ने पूरी टीम के साथ बैंकॉक में तीन हफ्ते के शेड्यूल में शूटिंग की थी।

# सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर लापता लेडीज का धमाका



*नई दिल्ली। किरण राव द्वारा निर्देशित जियो स्टूडियोज और आमिर खान प्रोडक्शंस की लापता लेडीज ने अपनी थियेटर रिलीज के साथ ही लोगों का दिल जीत लिया है। दर्शकों और आलोचकों ने फिल्म की अच्छी तरह से संरचित कहानी, मनोरंजन, सामाजिक संदेश, मुख्य कलाकारों के अभिनय और निर्देशन की खूब प्रशंसा की और यह साल की सबसे पसंदीदा और सकारात्मक समीक्षा वाली फिल्मों में से एक बन गई। अपने बेहतरीन थियेटर रन के बाद इस बहुचर्चित फिल्म को डिजिटल रिलीज पर जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली।*

*दर्शकों ने पूरे सोशल मीडिया पर फिल्म के लिए प्यार की बाढ़ ला दी और वे इसकी खूब प्रशंसा कर रहे हैं। हर तरफ से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने फिल्म को सोशल मीडिया पर 'टॉप 10' ट्रेंडिंग इंडियन मूवीज की सूची में नंबर 1 स्थान दिलाने में मदद की। डिजिटल रिलीज के बावजूद, फिल्म अभी भी कई सिनेमाघरों में चल रही है और शानदार गति बनाए हुए है।*

*दर्शकों की ओर से आने वाली हर प्रतिक्रिया से यह साफ पता चलता है कि किरण राव और उनकी बेहतरीन कहानी और निर्देशन ने सभी के दिमाग पर क्या असर छोड़ा है। आमिर खान प्रोडक्शंस की इस फिल्म ने दर्शकों को अपनी असीमित हंसी से बांधे रखा है। फिल्म में कॉमेडी और मनोरंजन का तड़का तो है ही, साथ ही यह देश की महिलाओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी प्रकाश डालती है।*

*, 'लापता लेडीज' किरण राव द्वारा निर्देशित और आमिर खान और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है। आमिर खान प्रोडक्शंस और किंडलिंग प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म बिप्लब गोस्वामी की एक पुरस्कार विजेता कहानी पर आधारित है और इसकी पटकथा अभी भी सिनेमाघरों में चल रही है। कहानी और संवाद स्नेहा देसाई द्वारा लिखे गए हैं, जबकि अन्य डायलॉग दिव्यनिधि शर्मा द्वारा लिखे गए हैं।*

## 'मंगल लक्ष्मी' और 'कुंडली भाग्य' सीरियल 8वें और 9वें नंबर पर

# 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पहुंचा आखिरी पायदान पर

*मुंबई। टीवी टीआरपी की लिस्ट दर्शकों की पसंद और नापसंद पर निर्भर करती है। इन दिनों 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के सितारे गर्दिश में हैं। ये सीरियल लुढ़ककर सबसे नीचे पहुंच गया है। 'उड़ने की आशा' ने टॉप 5 में अपनी जगह बना ली है। जैसे फिल्मों के लिए बॉक्स ऑफिस की रिपोर्ट तय करती है कि फिल्म हिट हुई या फ्लॉप, उसी तरह ब्रॉडकास्टिंग ऑडियंस रिसर्च काउंकिल की तरफ से टीवी सीरियल्स के लिए हर हफ्ते एक रिपोर्ट जारी होती है, ये बताती है कि कौन-सा सीरियल राज कर रहा है और किसे दर्शकों ने सिरे से नकार दिया है यानी नापसंद कर दिया है। 16वें हफ्ते की टीआरपी रिपोर्ट आ चुकी है और ये 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के फैंस के लिए बुरी खबर लेकर आई है। लेटेस्ट टीआरपी रिपोर्ट के मुताबिक, 'उड़ने की आशा' सीरियल ने टॉप 5 में अपनी एंट्री कर ली है। दूसरी तरफ रुपाली गांगुली का शो 'अनुपमा' हर बार की तरह इस बार भी टॉप पर अपनी जगह बनाए हुए है।*

### अनुपमा ने इस हफ्ते मारी बाजी



अनुपमा सीरियल 2.4 रेटिंग के साथ टीआरपी लिस्ट में टॉप पर है। दर्शकों को शो का नया ट्रैक पसंद आ रहा है। वहीं, हिबा और कुशाल अहूजा के 'झनक' ने दूसरे नंबर पर अपना कब्जा जमा लिया है। इस शो को 2.2 रेटिंग मिली है।'ये रिश्ता क्या कहलाता है' सीरियल ने इस बार सरप्राइज दिया है। 1.9 की रेटिंग के साथ समृद्धि शुक्ला औ रोहित पुरोहित के शो को तीसरा स्थान मिला है।

### 'गुम है किसी के प्यार में' एक नंबर लुढ़का

शक्ति अरोड़ा स्टारर 'गुम है किसीके प्यार में' सीरियल टॉप 3 से लुढ़ककर अब चौथे नंबर पर खिसक गया है। इसकी रेटिंग 1.9 है। कंवर ढिल्लन और नेहा हरसोना के 'उड़ने की आशा' ने भी उड़ान भरी है। इसने 1.5 की रेटिंग के साथ टॉप 5 में जगह बना ली है।



### 'तारक मेहता...' को लगा झटका

कलर्स टीवी के माइथोलॉजिकल सीरियल 'शिवशक्ति' को नंबर 6 और साईं निकेतन-अद्रिजा रॉय स्टारर 'इमली' को सातवां स्थान हासिल हुआ है। 'मंगल लक्ष्मी' और 'कुंडली भाग्य' सीरियल 8वें और 9वें नंबर पर है। दिलीप जोशी के 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को झटका लगा है। ये लुढ़ककर 10वें नंबर पर पहुंच गया है।



## खबर संक्षेप

### यस बैंक को मिला जीएसटी नोटिस, 6.87 लाख जुर्माना




**नई दिल्ली।** यस बैंक को दो जीएसटी मांग नोटिस मिले हैं, जिनमें 6.87 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। मणिपुर और पंजाब जीएसटी विभागों ने क्रमशः 5.05 लाख रुपये और 1.81 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। बैंक को मणिपुर और पंजाब के जीएसटी विभाग से 30 अप्रैल, 2024 को दो नोटिस मिले।

### टीवीएस मोटर की अप्रैल में बिक्री 25 प्रतिशत बढ़ी




**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी की कुल वाहन बिक्री अप्रैल में 25 प्रतिशत बढ़कर 3,83,615 इकाई रही। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने 3,06,224 वाहनों की बिक्री की थी। टीवीएस मोटर कंपनी ने बयान में कहा कि अप्रैल में कंपनी की दोपहिया वाहन की कुल बिक्री 3,74,592 इकाई रही, जो अप्रैल 2023 में 2,94,786 इकाई थी।

### हुंडई की बिक्री अप्रैल में 9.5 फीसदी बढ़ 63,701 इकाई




**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी हुंडई मोटर इंडिया की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 9.5 प्रतिशत बढ़कर 63,701 इकाई हो गई। वाहन विनिर्माता ने अप्रैल 2023 में 58,201 इकाइयों की बिक्री की थी। घरेलू थोक बिक्री अप्रैल में एक प्रतिशत बढ़कर 50,201 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 49,701 इकाई थी।

### टाटा मोटर्स की बिक्री में 11.5 फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स की अप्रैल में कुल थोक बिक्री सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत बढ़कर 77,521 इकाई हो गई। अप्रैल 2023 में यह 69,599 इकाई थी। मोटर वाहन विनिर्माता ने एक बयान में कहा, कंपनी की कुल घरेलू आपूर्ति पिछले महीने 12 प्रतिशत बढ़कर 76,399 इकाई रही जो अप्रैल 2023 में यह 68,514 इकाई थी।

### आधार हाउसिंग फाइनेंस का आईपीओ आठ मई को खुलेगा

**नई दिल्ली।** प्रमुख निजी इक्विटी कंपनी ब्लैकस्टोन समर्थित आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का 3,000 करोड़ रुपये का आईपीओ आठ मई को खुलकर 10 मई को बंद होगा। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास जमा कराए गए आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार, एंकर (बड़े) निवेशक सात मई को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे।

### एडलवाइस की अनुषंगी को कर मांग नोटिस

**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा कंपनी एडलवाइस फाइनेंशियल सर्विसेज ने बुधवार को कहा कि उसकी अनुषंगी ईकैप इक्विटीज को आकलन वर्ष 2022-23 के लिए 28.78 करोड़ रुपये की कर मांग को लेकर नोटिस मिला है। एडलवाइस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी की अनुषंगी ईकैप इक्विटीज लि. को आकलन वर्ष 2022-23 के लिए आयकर कानून, 1961 की धारा 143 (3) के तहत 30 अप्रैल, 2024 को ब्याज समेत 28.78 करोड़ रुपये की कर मांग को लेकर नोटिस और आकलन आदेश मिला है।

# आखिरकार गोदरेज ग्रुप का बंटवारा हुआ फाइनल, जानिए किसे मिलेगी कौन सी कंपनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के सबसे पुराने कारोबारी समूहों में गिने जाने वाले गोदरेज ग्रुप का बंटवारा अब फाइनल हो चुका है। साल 1897 में अर्दशीर गोदरेज ने इस ग्रुप की नींव रखी थी। गोदरेज ग्रुप की मार्केट वैल्यू 4.1 अरब डॉलर आंकी गई है।

■ गोदरेज ग्रुप की मार्केट वैल्यू 4.1 अरब डॉलर आंकी गई

अब गोदरेज परिवार ने ग्रुप के बंटवारे पर मुहर लगा दी है। ग्रुप की कंपनियों को आदी गोदरेज, नादिर गोदरेज, जमशेद गोदरेज और स्मिता गोदरेज के बीच बांट दिया जाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, आदी गोदरेज और नादिर गोदरेज को इस बंटवारे के तहत लिस्टेड कंपनियों की मेजॉरिटी हिस्सेदारी मिलेगी। उधर, गोदरेज एंड बॉयस का कंट्रोल जमशेद गोदरेज और स्मिता गोदरेज को मिल सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, इस बंटवारे को फाइनल कर जल्द ही इसकी सार्वजनिक घोषणा कर दी जाएगी।

## साल 1897 में अर्दशीर गोदरेज ने इस ग्रुप की नींव रखी थी

### कई सेक्टर में फैला हुआ है गोदरेज ग्रुप का कारोबार

गोदरेज ग्रुप का कारोबार इंजीनियरिंग, होम एप्लायंस, सिक्योरिटी, एग्रीकल्चर, रियल एस्टेट और कंज्यूमर प्रोडक्ट्स सेक्टर में फैला हुआ है। साल 1897 में बनी गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड की गोदरेज एग्रोवेट में 64.89 फीसदी, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स में 23.74 फीसदी और गोदरेज प्रॉपर्टीज में 47.34 फीसदी हिस्सेदारी है। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ग्रुप की सबसे बड़ी कंपनी है। 30 अप्रैल को इसका मार्केट कैप 1.26 लाख करोड़ रुपए था।




### गोदरेज ग्रुप ने साध ली है चुप्पी

इस बंटवारे में रॉयल्टी, ब्रांड यूज और जमीन के इस्तेमाल को लेकर भी बड़े फैसले लिए जा सकते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि ग्रुप की अनलिस्टेड कंपनियां और लैंड बैंक डेवलपमेंट जमशेद गोदरेज और स्मिता गोदरेज को दिया जा सकता है। फिलहाल गोदरेज ग्रुप ने इस बारे में चुप्पी साध ली है।

### जमशेद और स्मिता के हिस्से में जा सकती है जीएंडबी

गोदरेज ग्रुप की 5 कंपनियां लिस्टेड हैं। इनमें गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, गोदरेज प्रॉपर्टीज, गोदरेज इंडस्ट्रीज, गोदरेज एग्रोवेट और एस्टेक लाइफसाइंसेज शामिल हैं। ये कंपनियां आदी गोदरेज और नादिर गोदरेज के हिस्से में जा सकती हैं। गोदरेज एंड बॉयस एक प्राइवेट कंपनी है। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, गोदरेज ग्रुप की लगभग 23 फीसदी हिस्सेदारी ट्रस्ट के पास है, जो पर्यावरण, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में इस पैसे को खर्च करता है।

## सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई

# जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपए के पार अप्रैल में रिकॉर्ड 2.10 लाख करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है, जो घरेलू लेनदेन (13.4 प्रतिशत वृद्धि) और आयात (8.3 प्रतिशत वृद्धि) में मजबूत वृद्धि के दम पर संभव हो पाया।'

### एक साल पहले 1.87 लाख करोड़ रहा

मूल रूप से बेची गई वस्तुओं और दी गई सेवाओं पर लगने वाला कर जीएसटी मार्च के महीने में 1.78 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा जबकि एक साल पहले अप्रैल 2023 में यह 1.87 लाख करोड़ रुपये था।

*उठाए कदमों से जीएसटी संग्रह में वृद्धि : कर विशेषज्ञों का कहना है कि अप्रैल में मजबूत जीएसटी राजस्व एक बढ़ती अर्थव्यवस्था, कंपनियों के स्तर पर अनुपालन पर जोर देने और समय पर लेखा परीक्षा एवं जांच के अलावा विभाग के स्तर पर उठाए गए कदमों को दर्शाता है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक, पिछले महीने केंद्रीय जीएसटी संग्रह 43,846 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी संग्रह 53,538 करोड़ रुपये रहा।*

*देश का सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत बढ़कर 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। घरेलू लेनदेन तथा आयात में मजबूत वृद्धि से यह संग्रह बढ़ा है। यह पहला मौका है जब किसी महीने में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह दो लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है।*



### वित्त मंत्री ने प्रयासों की सराहना की

सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस उपलब्धि को हासिल करने में राजस्व विभाग के केंद्रीय व राज्य अधिकारियों तथा केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के 'ईमानदार और सहयोगात्मक प्रयासों' की सराहना की।




- घरेलू लेनदेन तथा आयात में मजबूद वृद्धि से संग्रह बढ़ा
- यह पहला मौका जब जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ से अधिक
- जीएसटी मार्च के महीने में 1.78 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा

### जीएसटी संग्रह में महाराष्ट्र सबसे आगे

राज्यों के कुल जीएसटी संग्रह के मामले में महाराष्ट्र 37,671 करोड़ रुपये के संग्रह के साथ सबसे आगे है। महाराष्ट्र में जीएसटी संग्रह अप्रैल में 13 प्रतिशत बढ़ा है। अप्रैल में 15,978 करोड़ रुपये के संग्रह के साथ कर्नाटक जीएसटी राजस्व में दूसरा बड़ा योगदानकर्ता है जबकि गुजरात ने 13,301 करोड़ रुपये के राजस्व के साथ 13 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की।

### जीएसटी संग्रह में उत्तर प्रदेश चौथे स्थान पर

उत्तर प्रदेश ने अप्रैल में कर राजस्व में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के मासिक संग्रह में तमिलनाडु को पीछे छोड़ दिया है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने उत्तर प्रदेश में जीएसटी संग्रह 19 प्रतिशत बढ़कर 12,290 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो महाराष्ट्र, कर्नाटक और गुजरात के बाद सबसे अधिक है।

### तमिलनाडु खिसक कर पांचवें स्थान पर

इसके साथ ही उत्तर प्रदेश जीएसटी संग्रह के मामले में चौथे स्थान पर पहुंच गया। वहीं तमिलनाडु 12,210 करोड़ रुपये के कर संग्रह के साथ चौथे से पांचवें स्थान पर खिसक गया। तमिलनाडु का जीएसटी संग्रह अप्रैल में छह प्रतिशत बढ़ा है। परंपरागत रूप से तमिलनाडु में जीएसटी संग्रह सर्वाधिक जनसंख्या वाले राज्य उत्तर प्रदेश की तुलना में अधिक रहता रहा है।

# गुणवत्ता की चिंताओं से प्रभावित हो सकता है मसाला निर्यात

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को अपने मसाला निर्यात के संबंध में गुणवत्ता संबंधी मसलों को तत्काल और पारदर्शिता के साथ हल करने की जरूरत है क्योंकि मौजूदा गुणवत्ता संबंधी चिंताएं देश के मसाला निर्यात के आधे से अधिक हिस्से को खतरे में डाल सकती हैं। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने कहा कि हर दिन नए देश भारतीय मसालों की गुणवत्ता के बारे में चिंता जता रहे हैं। इसने कहा कि इस मुद्दे पर तत्काल ध्यान देने और भारत के प्रसिद्ध मसाला उद्यान की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए कार्रवाई की आवश्यकता है।



■ जीटीआरआई ने गुणवत्ता पर जताई चिंता

'महत्वपूर्ण बाजारों में 70 करोड़ डॉलर का निर्यात दांव पर लगा है। कई देशों में नियामकीय कार्रवाई से संभावित रूप से मसाला निर्यात में आधे का नुकसान हो सकता है।'इसने कहा कि भारत को गुणवत्ता संबंधी मुद्दों को जल्द और पारदर्शिता के साथ हल करने की आवश्यकता है।

### यूरोपीय संघ कदम उठाते हैं तो 2.5 अरब डॉलर का होगा नुकसान

यूरोपीय संघ यदि ऐसा ही कदम उठाता है तो इससे अतिरिक्त 2.5 अरब डॉलर का असर हो सकता है, जिससे भारत के वैश्विक मसाला निर्यात का कुल संभावित नुकसान 58.8 प्रतिशत हो सकता है। श्रीवास्तव ने कहा कि भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में इन देशों को लगभग 69.25 करोड़ डॉलर मूल्य के मसालों का निर्यात किया है, इसलिए सौदा बहुत ऊंचा है।

# घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री रफ्तार अप्रैल में पड़ी सुस्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में यात्री वाहनों की बिक्री नए वित्त वर्ष (2024-25) के पहले महीने में स्थिर रही। अप्रैल में वाहन की 3.38 लाख इकाइयां बेची गईं। बिक्री पर उच्च तुलनात्मक आधार प्रभाव और आम चुनावों के कारण कम मांग का असर हुआ।

यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में 1.77 प्रतिशत वृद्धि के साथ 3,38,341 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 3,32,468 इकाई थी। इस दौरान मारुति सुजुकी इंडिया, हुंडई और टाटा मोटर्स की घरेलू थोक बिक्री में मामूली वृद्धि हुई है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कहा कि अप्रैल में सपाट वृद्धि पिछले साल उद्योग के उच्च तुलनात्मक आधार के कारण है। इसके अलावा चल रहे आम चुनावों का प्रभाव भी है। बैनर्जी ने कहा, 'हमने इस साल बहुत ऊंचे आधार पर शुरुआत की है...अभी देश में चुनाव चल रहे हैं और आदर्श आचार संहिता लागू है...चुनाव के दौरान बाजार थोड़ा सुस्त है। एक बार चुनाव ख़त्म हो जाएं, तो मुझे लगता है कि हम एक अलग बाजार देखेंगे।'



- अप्रैल में वाहन की 3.38 लाख इकाइयां बेची गई
- आम चुनाव के कारण कम मांग का असर हुआ

मारुति सुजुकी की कुल घरेलू यात्री वाहन बिक्री अप्रैल में 1,37,952 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 1,37,320 इकाई थी। हुंडई मोटर इंडिया की घरेलू थोक बिक्री अप्रैल में एक प्रतिशत बढ़कर 50,201 इकाई रही, जो पिछले साल इसी माह 49,701 इकाई थी।

### एनफील्ड ने नौ फीसदी की बढ़त दर्ज की

मोटरसाइकिल कंपनी रॉयल एनफील्ड की घरेलू बिक्री अप्रैल में नौ प्रतिशत बढ़कर 75,038 इकाई हो गई, जो पिछले साल इसी महीने में 68,881 इकाई थी।

# देश में बिजली की खपत अप्रैल में 11 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** देश में बिजली की खपत अप्रैल में सालाना आधार पर करीब 11 प्रतिशत बढ़कर 144.25 अरब यूनिट रही है। मुख्य रूप से तापमान बढ़ने से बिजली खपत बढ़ी है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। अप्रैल, 2023 में बिजली की खपत 130.08 अरब यूनिट थी। एक दिन में बिजली की अधिकतम मांग भी अप्रैल, 2024 में बढ़कर 224.18 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई, जबकि अप्रैल, 2023 में यह 215.88 गीगावाट थी। बिजली मंत्रालय ने गर्मियों के दौरान बिजली की अधिकतम मांग लगभग 260 गीगावाट रहने का अनुमान लगाया है। विशेषज्ञों ने कहा कि बिजली की खपत के साथ-साथ मांग में वृद्धि मुख्य रूप से तापमान बढ़ने और इस्पात तथा बिजली जैसे क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों में तेजी के कारण हुई।

# विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में निकाले 8,700 करोड़ रुपए

- एफपीआई ने लगातार दो माह तक खरीदी की थी
- अमेरिकी बांड में प्रतिफल बढ़ने से बदलाव देखा गया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



लगातार दो माह तक खरीदार रहने के बाद अप्रैल में विदेशी निवेशक शुद्ध बिकवाल बन गए और उन्होंने 8,700 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। मॉरीशस के साथ कर संधि में संशोधन से उपजी चिंताओं और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल लगातार बढ़ने से रुख में यह बदलाव देखने को मिला।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। लेकिन अप्रैल में यह रुझान पलट गया और एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी कर ली। वर्ष 2024 के पहले चार महीनों में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई का कुल शुद्ध निवेश 2,222 करोड़ रुपये और ऋण या बॉन्ड बाजार में 44,908 करोड़ रुपये रहा है।

*वैश्विक बाजारों से कमजोर संकेत उभरे : इसके अलावा अनिश्चित वृहद-आर्थिक स्थिति और ब्याज दर दृष्टिकोण के साथ वैश्विक बाजारों से कमजोर संकेत उभरते बाजारों के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। इसके अलावा तेल जैसे जिंसों की कीमतों में वृद्धि और अमेरिका में मुद्रास्फीति की ऊंची दर ने नीतिगत दर में फेडरल रिजर्व के कटौती करने की उम्मीदें कम कर दी हैं।*

## अंबुजा सीमेंट्स का मुनाफा 1,525.78 करोड़ रुपए...




**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड का बीते वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 1,525.78 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 763.30 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय 8,893.99 करोड़ रुपये रही, जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह 7,965.98 करोड़ रुपये थी। अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड (एसीएल) के अनुसार, 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही तथा वित्त वर्ष के एकीकृत परिणामों में सांघी के वित्तीय परिणाम शामिल हैं, जिसका पिछली तिमाही में अदाणी समूह की कंपनी ने अधिग्रहण किया था। 31 मार्च 2023 को समाप्त हुए 15 महीन के साथ तुलनीय नहीं हैं।'

# आवासीय रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश तीन गुना के पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ जनवरी-मार्च में 5,743 करोड़ रुपए पर

आवासीय रियल एस्टेट खंड में निवेश मार्च तिमाही में तीन गुना से अधिक होकर 5,743 करोड़ रुपये हो गया। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी कुशमैन एंड वेकफील्ड (सीएंडडब्ल्यू) के अनुसार, यह कुल रियल एस्टेट क्षेत्र में कुल प्रवाह का 63 प्रतिशत है। सीएंडडब्ल्यू की बुधवार को जारी पूंजी बाजार की रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च तिमाही के दौरान रियल एस्टेट में निवेश बढ़कर 9,124 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल समान अवधि में 8,830 करोड़ रुपये था।

रिपोर्ट के अनुसार, कुल निवेश में से आवासीय खंड में निवेश बढ़कर 5,743 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल समान तिमाही में 1,735 करोड़ रुपये था। कार्यालय संपत्तियों में निवेश मामूली बढ़कर कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 2,248 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में 2,180 करोड़ रुपये था। हालांकि, मिश्रित उपयोग वाली परियोजनाओं में निवेश मार्च तिमाही में घटकर 865 करोड़ रुपये रह गया, पिछले साल समान तिमाही में 1,645 करोड़ रुपये था।

औद्योगिक और लॉजिस्टिक खंड में भी मार्च तिमाही में 268 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो पिछले साल की समान तिमाही में 2,170 करोड़ रुपये था।

### होटल परियाजनाओं में कोई रूचि नहीं

होटल परियोजनाओं में निवेशकों ने समीक्षाधीन तिमाही में कोई रुचि नहीं दिखाई। हालांकि पिछले साल समान तिमाही में इस खंड में 1,100 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था।

### नए ग्राहक व निवेशकों का विश्वास बढ़ा

सीएंडडब्ल्यू की मूल्यांकन, परामर्श और पूंजी बाजार खंड के प्रबंध निदेशक सोमी थॉमस ने कहा, चालू कैलेंडर वर्ष की पहली तिमाही में भी भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में मजबूत पूंजी प्रवाह देखा गया। इसमें नए ग्राहक और निवेशकों के विश्वास के कारण आवासीय क्षेत्र का दबदबा रहा।

## पिछले तीन माह से शेयर बाजार में जारी तेजी बनी रहेगी

# मई में शेयर बाजार में तेजी बने रहने की उम्मीद : विश्लेषक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले तीन महीनों से शेयर बाजार में जारी तेजी का सिलसिला मई में भी बने रहने की संभावना है। इसका कारण आर्थिक वृद्धि के बेहतर रहने की उम्मीद के साथ आम चुनावों में मौजूदा सरकार के दोबारा से सत्ता में आने की संभावना और घरेलू निवेशकों की मजबूत भागीदारी के साथ निवेशकों की धारणा का सकारात्मक होना है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इस साल जनवरी में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 0.67 प्रतिशत नीचे आया था। हालांकि, फरवरी के बाद से बाजार में तेजी का सिलसिला बना हुआ है। इस दौरान बीएसई मानक सूचकांक सेंसेक्स 1.04 प्रतिशत चढ़ा जबकि मार्च में इसमें 1.58 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई।

■ आर्थिक वृद्धि के बेहतर रहने व सरकार दोबारा आने की उम्मीद

*कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4900 अरब डॉलर : वर्तमान में, बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,06,55,851.94 करोड़ रुपये (4,900 अरब डॉलर) है। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के प्रबंध निदेशक सुनील न्याति ने कहा, इस साल की शुरुआत से उच्च मूल्यांकन को लेकर चिंताओं के बावजूद मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी जारी है।*

*बाजार ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया : नंदा ने कहा, 'बाजार विभिन्न कारणों से रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। सबसे पहले, भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती के साथ सकारात्मक बाजार भावना ने निवेशकों के भरोसे को बढ़ाया है।' बीएसई सेंसेक्स इस साल नौ अप्रैल को कारोबार के दौरान 75,124.28 अंक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।*




### अर्थव्यवस्था के लिए दृष्टिकोष सकारात्मक

इसका कारण संभवतः पर्याप्त घरेलू नकदी और भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए दृष्टिकोण का सकारात्मक होना है। उन्होंने कहा, 'छोटी कंपनियों का यह बेहतर प्रदर्शन वैश्विक स्तर पर पिछले बड़े बाजारों में देखे गए रुझान को बताता है। इससे पता चलता है कि भारतीय बाजार भी संभवतः विकास के उसी चरण में है।'

### अप्रैल में सूचकांक 1.12 फीसदी बढ़ी

अप्रैल में, सूचकांक 1.12 प्रतिशत चढ़ा। मास्टर कैपिटल सर्विस लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा, 'कुल मिलाकर, बाजार में तेजी का सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है। इसका एक प्रमुख कारण घरेलू संस्थागत निवेशकों के साथ व्यक्तिगत निवेशकों दोनों की मजबूत भागीदारी है।'

*आठ अप्रैल को पहली बार पूंजीकरण 400 लाख करोड़ पार: सूचकांक ने उसी दिन पहली बार ऐतिहासिक 75,000 अंक के स्तर को पार किया। सेंसेक्स 10 अप्रैल को पहली बार 75,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण आठ अप्रैल को पहली बार 400 लाख करोड़ रुपये के पार चला गया।*

गुजरात में पीएम मोदी ने कांग्रेस को ललकारा शाह ने भी किया हमला

# एसटी-एससी व ओबीसी के आरक्षण में कटौती कर मुस्लिमों को देना चाह रही कांग्रेस, आरक्षण न हटाया और न ही हटाया जाएगा

मोदी बुधवार से दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। पहले दिन वे शाम 4.30 बजे बनासकांठा के डीसा शहर पहुंचे, जहां विशाल जनसभा को संबोधित किया। उधर, कोरबा के कोरबा के कटघोरा में गृहमंत्री शाह ने कहा कांग्रेस के पास फेक न्यूज के सिवाय कुछ बचा ही नहीं है। जनजातीय समुदाय भी लोकसभा चुनाव में शामिल होगा

एजेंसी ▶▶ बांसकांठा

पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार से दो दिन के गुजरात दौरे के पहले दिन वे शाम 4.30 बजे बनासकांठा के डीसा शहर पहुंचे, जहां विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज कांग्रेस कहती है कि भाजपा 400 सीटें इसलिए मांग रही है, जिससे कि आरक्षण खत्म कर सके। धर्म के आधार पर कांग्रेस ही एसटी, एससी, ओबीसी और पिछड़े वर्ग को मिले आरक्षण में कटौती कर मुस्लिमों को आरक्षण देना चाहती है। ये लोग कर्नाटक में यह प्रयोग कर चुके हैं।कर्नाटक में रातों-रात सभी मुस्लिमों को ओबीसी घोषित कर उन्हें 5 प्रतिशत आरक्षण दे दिया। ये लोग ऐसा पूरे देश में करना चाहते हैं। जब तक भाजपा है, जब तक मोदी है, एसटी एससी, ओबीसी और सामान्य वर्ग के लोगों को जो आरक्षण मिला है, वह कोई नहीं छीन सकता।

**धर्म के आधार पर कांग्रेस चला रही अपनी राजनीति**

### अब हो गए पस्त तो फेक वीडियो पर उतरे

फेक वीडियो को लेकर उन्होंने कहा कि पहले चरण में इंडी गठबंधन पस्त हुआ और दूसरे चरण में ध्वस्त हो गया। ये लोग मुहब्बत की दुकान चलाने निकले थे। लेकिन दुकान में फेक वीडियो बनाने का काम शुरू कर दिया। इन लोगों ने इतने साल देश पर राज किया। इनके इतने सारे पीएम रहे। फिर भी आज इनकी लोगों को सामने जाने की हिम्मत नहीं है। अब ये फेक वीडियो बना रहे हैं।



**गुजरात दिवस : विकास की नई ऊंचाइयों को छूता रहे गुजरात**

पीएम मोदी ने गुजरात के राज्य स्थापना दिवस पर गुजरात के लोगों को शुभकामनाएं दीं। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा कि गुजरात राज्य दिवस के इस शुभ अवसर पर हम गुजरात के लोगों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत उल्लेखनीय उपलब्धियों और जीवंतता को याद करते हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि राज्य आने वाले समय में विकास की नई ऊंचाइयों को छूता रहे।

छत्तीसगढ़ के कोरबा में गरजे गृह मंत्री शाह

## आरक्षण पर कांग्रेस भ्रम फैला रही



लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा धुआंधार प्रचार कर रही है।राज्य में तीसरे चरण के मतदान से पहले केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह बुधवार को कोरबा के कटघोरा में उन्होंने जनसभा को संबोधित किया।शाह ने कहा कि मैंने सरोज पांडेय से कहा था मैं कोरबा जरूर आऊंगा। मैं भगवान राम के ननिहाल आया हूं। कांग्रेस 70 साल से राम जन्मभूमि के मसले को लटकाती रही। हमने प्राणप्रतिष्ठा करके जय श्रीराम कर दिया। 500 साल के बाद यह मौका आया है।

**कांग्रेस के लिए वोटबैंक ही सबसे जरूरी**

शाह ने कहा कांग्रेस के लिए वोटबैंक ही सबसे जरूरी है। भूपेश सरकार ने नक्सलवाद को बढ़ाया। 5 साल में कई राज्यों से भाजपा ने नक्सलवाद को समाप्त किया है। भाजपा नक्सलवाद को खत्म कर देगी। शाह ने पीएम मोदी के 10 साल का रिकॉर्ड और 25 साल का एजेंडा भी है। पीएम मोदी ने कहा था हमारी सरकार गरीबों की होगी।

**खरगे जी चार जून को भाई-बहन आपकी बलि ले लेंगे**

शाह ने परिवारवाद के मुद्दे पर कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। शाह ने कहा कि खरगे जी आप एक परिवार के भाई-बहन के लिए झूठ क्यों बोल रहे हैं? चार जून को आपकी पार्टी के हारने के बाद हार का ठीकरा आप पर ही फूटेगा आप की बलि चढ़ा दी जाएगी।

**भूपेश सरकार ने दिया नक्सलवाद को बढ़ावा**

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के भूपेश कक्का की सरकार नक्सलवाद को बढ़ावा देती रही, लेकिन हमारे विष्णुदेव जी की सरकार बनने के बाद 4 महीने में ही 95 नक्सलियों को ढेर कर दिया गया।

**कांग्रेस के अधीररंजन ने कहा**

### टीएमसी से बेहतर होगा, भाजपा को वोट दें



बेरहामपुर । वरिष्ठ कॉन्ग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के बेरहामपुर में एक राजनीतिक रैली में बीजेपी के लिए वोटिंग की अपील कर दी। वायरल वीडियो में अधीर रंजन चौधरी वीडियो में कहते दिख रहे हैं, टीएमसी को वोट देने के बजाए भाजपा को वोट देना चाहिए।

### सुनीता से मिले कन्हैया कुमार



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की है। दोनों की मुलाकात कांग्रेस और आप पार्टी के लिए अहम मानी जा रही है। सीएम अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं।

### कॉमेडियन रंगीला वाराणसी से लड़ेंगे



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में वाराणसी से पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ कॉमेडियन श्याम रंगीला भी मैदान में उतरेंगे। उन्होंने टेलीविजन शो में दिखने के अपने सपने को फिलहाल छोड़कर राजनीति से कॉमेडी की दुनिया में प्रवेश करने की योजना बनाई है। राजस्थान के 29 वर्षीय रंगीला ने ऐलान किया है।

**वीसी से चुनाव प्रचार की याचिका खारिज**

### फिर तो दाऊद इब्राहिम भी प्रचार करेगा



दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर मांग की गई कि जेल में बंद नेताओं को वर्चुअल मोड में लोकसभा चुनाव प्रचार करने की इजाजत दी जाएकोर्ट ने याचिका को खारिज कर दी और याचिकाकर्ता को जुर्माने की चेतावनी भी दी। हाईकोर्ट के जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि एसे में तो दाऊद इब्राहिम चुनाव लड़ेगा और वीसी से प्रचार करेगा।

दिल्ली में बोले राजनाथ

### भारत अब दुनिया का एक ताकतवर देश बन गया, विश्व भी मानने लगा



भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नेउत्तर पूर्वी दिल्ली से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार मनोज तिवारी के समर्थन में रोड शो किया। रोड शो में लोगों का विशाल हुजूम था। इस अवसर पर भाजपा के प्रमुख स्टार प्रचारक सिंह ने कहा कि भारत अब दुनिया का एक ताकतवर देश बन गया है। सिंह ने कहा कि हमारा भारत पीएम मोदी के नेतृत्व में एक नई सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। दुनिया देख रही है कि भारत अब पहले का भारत नहीं रहा है।

नड्डा का शिमोगा सम्मेलन

### देश में धार्मिक आधार पर आरक्षण के लिए कोई जगह नहीं



भाजपा अध्यक्ष जेपीनड्डा कर्नाटक के शिमोगा में एक बौद्धिक बैठक में शामिल हुए। नड्डा ने कहा कि राज्य में सीएम सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने मुसलमानों को ओबीसी कोटा से 4 फीसदी आरक्षण दिया था। उन्होंने मुस्लिमों के लिए आरक्षण पर टिप्पणी करते हुए कहा कि बीआर आंबेडकर ने कहा कि धार्मिक आधार पर आरक्षण के लिए कोई जगह नहीं है।हम मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन हमें यह समझना होगा कि संविधान स्पष्ट रूप से कहता है कि धर्म के आधार पर कोई आरक्षण नहीं होगा, लेकिन कांग्रेस धूर्त और विभाजनकारी मंसूबे रखती है।

खरगे ने कहा

### अमेठी में वहीं का होगा कैंडिडेट, घोषणा जल्द



उत्तर प्रदेश की रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीट पर नामांकन की प्रक्रिया शुरू है और पर्चा भरने की अंतिम तारीख तीन मई है। अमेठी सीट से चुनाव लड़ने पर राहुल गांधी कई बार कह चुके हैं कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आदेशका पालन करेंगे। खरगे ने कहा, जो होंगे, वहीं के होंगे। इसकी घोषणा जल्द ही की जाएगी।

शिवपाल के बोल

### भाजपा को बड़े मार्जिन से जिताना है, अखिलेश 'सन्न'



इटावा। लोकसभा चुनाव के लिए एक दूसरे पर शब्द बाण चला रहे नेता कभी कभी कुछ ऐसा बोल जाते हैं। इटावा के जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कर दिया है। डिंपल यादव के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए यादव ने सपा की जगह भाजपा को जिताने की अपील कर दी।अखिलेश यादव समेत वहां मौजूद हर कोई चौंक गए। शिवपाल को बाद में गलती का अहसास हुआ।

प्रियंका का दावा

### आज देश में करोड़ों लोग बेरोजगार,सरमा को कोसा



गुवाहाटी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव प्रचार के लिए असम पहुंची हुई हैं। यहां धुबरी में में एक जनसभा को संबोधित कर कांग्रेस नेता ने जमकर सीएम हिमंत बिस्व सरमा और भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह सरकार पूरी तरह से अपने हितों पर केंद्रित है। उन्हें जनता के संघर्षों की चिंता नहीं है। आज बेरोजगारी सबसे ज्यादा है। 70 करोड़ लोग बेरोजगार हैं।

**खबर संक्षेप**

### टीएमसी ने कुणाल को महासचिव पद से हटाया



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस पार्टी ने कुणाल घोष को पार्टी के प्रदेश महासचिव पद से हटा दिया। सत्ताधारी पार्टी ने बुधवार को इसकी घोषणा की। तृणमूल ने लिखा कि घोष कई ऐसी बातें कह रहे हैं जो पार्टी के विचारों के अनुरूप नहीं हैं। इसलिए यह स्पष्ट करना बहुत जरूरी था कि वह जो कह रहे थे, वह पूरी तरह से उनकी निजी राय थी। पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है।

### नामग्याल ने भरा पर्चा लद्दाख भाजपा में बगावत



**नई दिल्ली।** केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख की एकमात्र लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ताशी ग्यालसन ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान लद्दाख भाजपा के अंदर जारी अंदरूनी कलह सामने आ गई। पार्टी ने लद्दाख के मौजूदा सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल का टिकट काटकर ताशी ग्यालसन को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी के इस फैसले से नामग्याल विद्रोह पर उतर आए ,परच भी भर दिया।

### विज का छलक उठा दर्द अपनों ने किनारे किया



**चंडीगढ़।** अंबाला छावनी में भाजपा की विजय संकल्प रैली का आयोजन किया गया, जिसमें अनिल विज ने भारी भीड़ जुटाकर अपनी ताकत दिखा दी। एक बार फिर विज का दर्द छलका। विज ने कहा कि कुछ ने मुझे मेरी ही पार्टी में बेगाना कर दिया। कई बार बेगाने अपनों से ज्यादा काम कर जाते हैं। सीएम नायब सैनी ने बंतो कटारिया को जिताने की अपील की।

हिंदू विवाह की आधुनिकता पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

# भारतीय समाज में शादी एक पवित्र रिश्ता नाच-गाना और शराब से नहीं होती शादी

सर्वोच्च अदालत ने तलाक से जुड़े एक मामले को लेकर नाराजगी व्यक्त की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत ने तलाक से जुड़े एक मामले को लेकर नाराजगी व्यक्त की है। अदालत ने हिंदू विवाह प्रक्रिया पर जोर देकर कहा है कि इसे नाच-गाना और खाने-पीने तक जैसे आयोजन तक ही सीमित नहीं बनाना चाहिए। भारतीय समाज में शादी एक पवित्र रिश्ता होता है। इसे बनाकर रखना चाहिए। जज बीवी नागरत्न और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने तलाक के एक केस की सुनवाई के दौरान कहा कि शादी केवल नाच-गाना, खाने-पीने, शराब और दहेज का मौका नहीं होता है। लेकिन लोग विवाह को व्यवसायिक लेनदेन में लगे हुए हैं जबकि विवाह महिला और पुरुष के बीच के रिश्ते को जोड़ने के लिए होता है। यहीं आगे चलकर पति-पत्नी के रूप में जीवन निर्वहन करते हैं। कोर्ट ने तलाक के एक मामले पर सुनवाई की। याचिका में यह बात कही गई कि दोनों के बीच जो शादी हुई वो वैध नहीं थी।



**शादी के विचार से पहले ही समझें हिंदू विवाह**

बेंच ने ये भी कहा कि भारत में शादी को बहुत ही पवित्र माना जाता है। हिंदू विवाह दो लोगों के बीच ही नहीं बल्कि एक ऐसा संस्कार है जिसे भारतीय समाज के मूल्यों के बारे में पता चलता है। हम युवा पुरुष और महिलाओं से अपील करते हैं कि इस रिश्ते में जाने से पहले गहराई से भारतीय समाज के इस संस्था की पवित्रता पर विचार करें।

### रजिस्ट्रार जारी नहीं करते हिंदू मैरिज सर्टिफिकेट

अदालत ने शादी को लेकर कहा कि केवल रजिस्ट्रेशन करा लेना ही विवाह को वैधता नहीं देता है। कई ऐसे उदाहरण हैं जो कागज के आधार पर रजिस्ट्रेशन करा लेते हैं। रजिस्ट्रार द्वारा ऐसा कोई सर्टिफिकेट जारी नहीं किया जाता ।

### एक्ट 8 से नहीं मिल जाती शादी की वैधता

कोर्ट ने कहा कि हिंदू मैरिज एक्ट की धारा 8 के तहत आज के समय में लोग शादी रजिस्टर कराना चाहते हैं। इस एक्ट के तहत सिर्फ रजिस्ट्रेशन करा लेना ही शादी को वैध नहीं बनाया है। जोड़ा माता-पिता विदेश में रहने के दौरान वीजा आवेदन के लिए शादी के रजिस्ट्रेशन को लेकर तैयार हो जाते हैं।

कोर्टरूम में ही जज सुनाने लगे पीड़ा

### संडे-मंडे तो छोड़िए पर्वों पर भी छुट्टियां नहीं

जब अदालत ने मामले की सुनवाई शुरू की तो सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बेंच से माफी मांगते हुए इसे 2 बजे शुरू करने की मांग की और कहा कि एक अन्य संवैधानिक पीठ में उन्हें जाना है। जस्टिस गवई ने कहा, जो लोग आलोचना करते हैं, वे नहीं जानते कि हमारी शनिवार-रविवार को भी छुट्टियां नहीं होती हैं। यहां तक कि त्योहारों में भी छुट्टी नहीं होती।

शाह फेक वीडियो मामले पर बोले रेड्डी

## मैंने वीडियो शेयर नहीं किया, हम 'अकाउंट' संचालित नहीं करते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमित शाह के फर्जी वीडियो मामले पर सीएम रेवंत रेड्डी के वकील ने दिल्ली पुलिस के नोटिस का जवाब देते हुए कहा है कि आईएनसी तेलंगाना ट्विटर अकाउंट को वह संचालित नहीं करते हैं। रेवंत रेड्डी के वकील ने अपना जवाब दाखिल किया है और कहा है कि वह केवल दो ट्विटर अकाउंट (सीएमओ तेलंगाना और उनका निजी अकाउंट) का ही इस्तेमाल करते हैं। इस वजह से दिल्ली पुलिस द्वारा उठाया गया सवाल अप्रासंगिक है। उस वीडियो को अपलोड करने या साझा करने के लिए उनके अकाउंट का इस्तेमाल नहीं किया गया था।



### 16 अन्य लोगों को भी नोटिस भेजा था

इस मामले में दिल्ली पुलिस ने रेवंत रेड्डी के अलावा 16 अन्य लोगों को भी नोटिस भेजा था। बताया जा रहा है कि अगर किसी व्यक्ति को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 160/91 के तहत नोटिस दिया जाता है, तो वह व्यक्ति या तो जांच अधिकारी के सामने उपस्थित हो सकता है या कानूनी प्रतिनिधि भेज सकता है।

### पुलिस 8 राज्यों में कार्रवाई कर रही

गौरतलब है कि अमित शाह के भाषण का एक फेक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा था, जिसमें वो कथित तौर पर कहते सुनाई देते हैं कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी तो गैर-संवैधानिक एससी, एसटी और ओबीसी के रिजर्वेशन को हम समाप्त कर देंगे। इस मामले में दिल्ली पुलिस 8 राज्यों में कार्रवाई कर रही है। 2 लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है।

हाईकोर्ट में दो घंटे चली सुनवाई

## निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे के मामले में फैसला सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे के मामले में अदालत में 2 घंटे तक सुनवाई चली। हाईकोर्ट ने फैसले को सुरक्षित रख लिया है।

मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने इस मामले को सुना। विधानसभा अध्यक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिएइस मामले की पैरवी की। उन्होंने अदालत को बताया कि निर्दलीय विधायकों की ओर से सौंपे गए इस्तीफे को स्वीकार करना या न करना स्पीकर के प्रशासनिक कार्यक्षेत्र में आता है। निर्दलीय विधायकों ने 22 मार्च को इस्तीफे सौंपे और 23 को भाजपा में शामिल होकर 24 को चार्टर प्लेन से घूमने जाते हैं। ऐसे में इसे स्वेच्छा से दिया गया इस्तीफा कैसे माना जाएगा? निर्दलियों ने जब इस्तीफे सौंपे, तब विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर उनके साथ मौजूद थे। स्पीकर इस मामले में कार्रवाई कर सकते हैं।



देश में गर्मी के तोड़े रिकॉर्ड, कई राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

बेंगलुरु में अब तक का सबसे गर्म रहा

# 123 साल में दूसरी बार 'सबसे गर्म' रहा अप्रैल

**आईएमडी के चीफ मृत्युंजय महापात्र ने दी जानकारी, स्काईमेट ने भी बताया**

मौसम विभाग के अनुसार 2 और 3 मई को अधिकतम तापमान 37 से 38 डिग्री और न्यूनतम 20 से 22 डिग्री रह सकता है। कहीं-कहीं पर गरम हवाएं चलेंगी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस सीजन में लगातार गर्मी बढ़ती जा रही है। भारत मौसम विभाग के डेटा के अनुसार उत्तर-पूर्व भारत में औसत औसत तापमान 123 वर्षों में इस महीने में सबसे अधिक था।

3 बड़े शहरों बेंगलुरु, कोलकाता और मुंबई में अन्य क्षेत्रों के तुलना में काफी कम देखा जा रहा है। अप्रैल में लगातार तापमान बढ़ता रहा। बुधवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री तक रह सकता है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री रहा।

**खास बातें**

- मौसम विभाग ने डेटा जारी कर कहा
- 3 बड़े शहरों में दिखा बदलाव



### 4 मई को हल्की बारिश की संभावना

मौसम विभाग पूर्वानुमान के अनुसार 4 मई को हल्की बारिश की संभावना है। इसके बावजूद 4 से 6 मई के दौरान अधिकतम तापमान 40 और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री तक रह सकता है। 2 और 3 मई को अधिकतम तापमान 37 से 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 से 22 डिग्री रह सकता है। इस दौरान आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं।वहीं स्काईमेट के अनुसार, अप्रैल में एक दिन का तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। 26 अप्रैल को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री ऊपर दर्ज किया है।

**बेंगलुरु में अब तक का सबसे गर्म अप्रैल रहा**

आईएमडी के चीफ मृत्युंजय महापात्र ने एक बयान में कहा कि पूरे दक्षिण में महीने के दौरान औसत अधिकतम तापमान लगभग 37.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ये स्थिति अप्रैल 2016 में 1901 के रिकॉर्ड में दर्ज 37.6 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। बेंगलुरु में अब तक का सबसे गर्म अप्रैल रहा। कभी गार्डन सिटी के नाम से मशहूर मेट्रो में महीने के दौरान लगातार 6 दिन सहित 13 अत्यधिक गर्म दिन दर्ज किए गए।

### उत्तर-पूर्व भारत में औसत तापमान 51 वर्षों में सर्वाधिक रहा

स्काईमेट के अनुसार अप्रैल में एक दिन का तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। 26 अप्रैल को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री के ऊपर दर्ज किया है। एजेंसी के अनुसार अधिकतम तापमान के मामले में दक्षिण भारत में अप्रैल रिकॉर्ड दूसरा सबसे गर्म रहा। पूर्व और उत्तर-पूर्व भारत में औसत औसत तापमान 51 वर्षों में इस माह में सबसे अधिक था, आईएमडी डेटा से पता चलता है, जो इन क्षेत्रों में बेहद गर्म परिस्थितियों की पुष्टि करता है। पिछले कुछ हफ्ते से देखा जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)